उवओगो विमस्सो

(उपयोग विमर्श)

लेखक

डॉ. आशीष जैन आचार्य, शाहगढ़

शास्त्री, आचार्य (संस्कृत साहित्य, प्राकृत एवं जैनागम, पालि), बी.एड.,

नेट जेआरएफ, पीएचडी

प्रकाशक

सन्मति प्राच्य शोध संस्थान

(रजि.अधिनियम 1860 के अंतर्गत नो क्र.महा/571/88/नागपुर)

कस्तूरबा वाचनालय के पास, सदर नागपुर-440001

ISBN 81-85783-51-11

पुस्तक का नाम	–	उवओगो विमस्सो (उपयोग विमर्श)
लेखक	–	डॉ. आशीष जैन आचार्य, शाहगढ़
वर्ष	–	२०१९
संस्करण	–	प्रथम
मूल्य	–	१००
सर्मपण	–	परम पूज्यनीय माताजी एवं पिताजी के जीवन के लिये सादर समर्पित
प्रकाशक	–	सन्मति प्राच्य शोध संस्थान (रजि.अधिनियम 1860 के अंतर्गत नो क्र.महा/571/88/नागपुर) कस्तूरबा वाचनालय के पास, सदर नागपुर-440001
मुद्रक	–	गणेश प्रिंटिंग प्रेस, देशबंधु काम्प्लेक्स, भोपाल

प्राक्कथन

जीवन का परम लक्ष्य सुख और आनन्द है। प्रत्येक व्यक्ति के पास सुख और आनन्द की निधि है। मात्र आवश्यकता है पहचानने की। जिसने अपने भीतर के सुख और आनन्द को पहचान लिया है, वह सदा प्रसन्न रहा है। **उपयोग विमर्श** पुस्तक के माध्यम से आत्मा में विद्यमान ज्ञान और दर्शन की चर्चा विस्तृत रूप से की गई है। यह कृति मूल रूप से प्राकृत भाषा में लिखी गई। जिसका आधार दिगम्बर जैन आचार्यों द्वारा प्रणीत ग्रन्थ हैं। पाठकों की सुविधा के लिये इसका हिन्दी अनुवाद भी साथ में प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे पाठक पढ़कर आत्मा के स्वरूप का समझ सकें और अपने अंदर विद्यमान शक्तियों को पहचानकर उनके प्रकट करने के प्रयास को दृढ़ करें।

ज्ञान और दर्शन आत्मा के अविना भाव है अर्थात् प्रत्येक आत्मा के साथ ज्ञान और दर्शन होगा। संसार में कोई भी आत्मा ऐसी नहीं है जिसमें ज्ञान और दर्शन नहीं है। क्योंकि उपयोगो लक्षणम् इस सूत्र के माध्यम से यह सिद्ध हो जाता है कि जीव का लक्षण उपयोग है और वह उपयोग ज्ञान और दर्शन रूप है। जीव अर्थात् चेतना। जिसमें चेतना है वह जीव है। इससे सिद्ध होता है कि चेतना को बताने वाले ज्ञान और दर्शन ये दो भाव-उपयोग है।

यह कृति आत्महित में निमित्त बनें एवं मैं स्वयं को आत्मकल्याण के लिये प्रवृत्त कर सकूँ, ऐसी भावना लेकर यह कृति आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ एवं भावना भाता हूँ कि आप सभी का भी कल्याण हो, मार्ग प्रशस्त हो। सुधीजन इसमें जो भी त्रुटियों हुई हो उनको परिमार्जित करने की कृपा करें।

आयतस्तूः
आशीष कुमार जैन आचार्य,शाहगढ़

प्रस्तावना

वस्तु के प्रति **उपयुज्** होता है वा वस्तु स्वरूप का परिज्ञान करने के लिये प्रेरित होता है उसे उपयोग कहते हैं। इसमें **'अकर्तरि च कारके'** से **घञ्** प्रत्यय हुआ। अथवा आत्मा के **'उप'** - समीप **'युज्'** लगना उपयोग है। यहाँ भाववाची शब्द में घञ् प्रत्यय किया गया है। उपयोग सामान्य से ज्ञानदर्शनरूप है वही आत्मा का लक्षण है। कर्मों के क्षय और क्षयोपशम के निमित्त से उत्पद्यमान वा बहिरंग और अंतरंग दोनों प्रकार के निमित्तों से उत्पद्यमान चैतन्य के अन्वयी अर्थात् चैतन्य को छोड़कर अन्यत्र नहीं रहने वाले जीव के परिणामों को **उपयोग** कहते हैं।[१,२] उपयोग और जीव में लक्ष्य-लक्षण की अपेक्षा भेद है। उपयोग लक्षण है और जीव लक्ष्य है। अतः जीव का लक्षण होने से उपयोग आत्मस्वरूप है।

लक्षण का लक्षण-

व्यतिकीर्ण वस्तु व्यावृत्तिर्हेतुर्लक्षणम्।।[३]

मिली हुई अनेक वस्तुओं में से किसी एक वस्तु को पृथक् करने वाले हेतु को लक्षण कहते हैं। जैसे अग्नि में उष्णता (आत्मभूत), दण्डीपुरुष का दण्ड (अनात्मभूत)।

उपयोग का लक्षण-

चैतन्यानुविधायी परिणामः उपयोगः।[४]

चैतन्य का अनुविधायी परिणाम ही उपयोग है।

वत्थुणिमित्तो भावो जादो जीवस्स होदि उवओगो।।[५]

जीव का जो भाव वस्तु के ग्रहण करने के लिये प्रवृत्त होता है वही उपयोग है।

प्रणिधानम् उपयोगः परिणामः इत्यनर्थान्तरम्।।[६]

---

१. सर्वार्थसिद्धि

२. तत्त्वार्थ सूत्र

३. न्यायदीपिका

५. पंचसंग्रह/प्रा.१/१७८

६. राजवार्तिक/१/१/३२२

प्रणिधान, उपयोग, परिणाम ये सब एकार्थवाची है।

जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई।।[७]

जीव उपयोगमयी, अमूर्त्तिक, कर्त्ता, स्वदेहपरिणाम, भोक्ता, संसारी, सिद्ध और ऊर्ध्वगमन करने वाला है।

उपयोग के भेद-

उवओगो दुवियप्पो दंसण-णाणं च दंसणं चदुधा।
चक्खु-अचक्खु-ओही-दंसणमध केवलं णेयं।।[८]

उपयोग दो प्रकार का है दर्शनोपयोग और ज्ञानोपयोग। दर्शनोपयोग अनाकार है और ज्ञानोपयोग साकार है। विशेष ज्ञान को साकार और सत्ता अवलोकन मात्र को निराकार उपयोग कहते हैं। अर्थात् वस्तु के विशेष को न जानकर सामान्य सत्ता का अवलोकन दर्शन है और विशेष का जानना ज्ञान है। छद्मस्थों के प्रथम दर्शन और तदनन्तर ज्ञान होता है, परन्तु निरावरण अर्हत्, सिद्ध और संयोग केवलियों के ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग एक साथ होते हैं।

ज्ञानोपयोग- ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम वा क्षय से उत्पन्न आत्मा के सविकल्प व्यापार वा परिणति को ज्ञानोपयोग कहते हैं।

दर्शनोपयोग- दर्शनावरण कर्म के क्षयोपशम वा क्षय से उत्पन्न निराकार सत्ता मात्र ग्राही उपयोगकर चेतना की परिणति विशेष को दर्शनोपयोग कहते हैं। अर्थात् विषय-विषयी के सन्निपात (संयोग) को दर्शन कहते हैं। इसमें वस्तु के विशेष आकार आदि का ग्रहण नहीं होता।

दर्शनोपयोग के भेद- दर्शनोपयोग के चार भेद हैं- चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन।

चक्षुदर्शन- चक्षु-इंद्रिय से उत्पन्न मतिज्ञान के पूर्व, चक्षुदर्शनावरण कर्म के क्षयोपशम से नेत्र द्वारा मूर्तिक पदार्थ की सत्ता मात्र का विकल्प रहित ग्रहण को चक्षुदर्शन कहते हैं।

---

७. द्रव्यसंग्रह/१/२

८. द्रव्यसंग्रह/१/३

अचक्षु दर्शन- चक्षु-इंद्रिय को छोड़कर अचक्षुदर्शनावरण कर्म के क्षयोपशम से अन्य चार इन्द्रियों तथा मन द्वारा मूर्तिक पदार्थों की सत्ता मात्र का विकल्प रहित ग्रहण को अचक्षुदर्शन कहते हैं।

अवधि दर्शन- अवधिज्ञान के पूर्व अवधिदर्शनावरण कर्म के क्षयोपशम के द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की मर्यादापूर्वक मूर्तिक पदार्थ की सत्तामात्र का विकल्परहित ग्रहण को अवधिदर्शन कहते हैं।

केवल दर्शन- केवलज्ञान के साथ के केवलदर्शनावरण कर्म के क्षय से लोक और अलोक की मूर्तिक और अमूर्तिक सभी वस्तुओं का एक ही समय में विकल्परहित ग्रहण को केवलदर्शन कहते हैं।

ज्ञानोपयोग के भेद-

णाणं अट्ठवियप्पं, मदिसुदओही अणाणणाणाणी।
मणपज्जयकेवलमवि, पच्चक्ख परोक्खभयं च॥[१०]

वह ज्ञानोपयोग आठ प्रकार का है- पाँच प्रकार का सम्यग्ज्ञान और तीन प्रकार मिथ्याज्ञान। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन:पर्ययज्ञान और केवलज्ञान सम्यग्ज्ञान है। और कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान और कु-अवधिज्ञान मिथ्याज्ञान है। वह आठा प्रकार का ज्ञान प्रत्यक्ष और परोक्ष के भेद से दो प्रकार का है। मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्षप्रमाण है। अवधिज्ञान और मन:पर्ययज्ञान देशप्रत्यक्ष प्रमाण है और केवलज्ञान सकलप्रत्यक्ष प्रमाण है। इसी प्रकार कुमति और कुश्रुत ये दोनों कुज्ञान परोक्ष प्रमाण है और कु-अवधि ज्ञान देश प्रत्यक्ष है। कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, कु-अवधिज्ञान मिथ्यादृष्टियों के होते हैं शेष पाँच ज्ञान सम्यग्दृष्टियों के होते हैं। मन:पर्यय ज्ञान विशेष संयमी के तथा केवलज्ञान अरिहंत और सिद्ध परमेष्ठी भगवान को होता है।

मतिज्ञान- मतिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से इन्द्रिय और मन के निमित्त से जो पदार्थों का बोध होता है, जानकारी होती है उसे मतिज्ञान कहते हैं। स्पर्श आदि इन्द्रियों से जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह इन्द्रियजन्य ज्ञान कहलाता है और मन से उत्पन्न होने वाले ज्ञान को मनोजन्य ज्ञान कहते हैं। मतिज्ञान के पाँच भेद

---

९. सर्वार्थसिद्धि

१०. द्रव्यसंग्रह/१/१०

कहे गये हैं-

मतिस्मृतिः संज्ञाचिन्ताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्।[११]

मति, स्मृति, संज्ञा, चिंता और अभिनिबोध मतिज्ञान के नामान्तर है।

१. मति- यह ज्ञान इन्द्रिय और मन से उत्पन्न होता है तथा वर्तमान काल का विषय करता है।

२. स्मृति- यह पूर्वानुभूत वस्तु का स्मरण कराता है अतः जातिस्मरण ज्ञान स्मृतिज्ञान है।

३. संज्ञा- पूर्वानुभूत और वर्तमान में अनुभव या प्रत्यक्ष वस्तु को देखकर जो ज्ञान होता है वह संज्ञा नामक मतिज्ञान कहलाता है। इस ज्ञान को प्रत्यभिज्ञान भी कहते हैं।

४. चिंता- जिसके होने पर जो होता है वा जिसके नहीं होने पर नहीं होता है इस प्रकार के ज्ञान को चिंता या तर्क कहते हैं। जैसे अग्नि के होने पर ही धुँआ होता है, अग्नि के बिना नहीं।

५. अभिनिबोध- चिंता वा तर्कणा के बाद जो ज्ञान होता है वह अभिनिबोध है। जैसे- यहाँ अग्नि है क्योंकि धुँआ है ऐसा साधन से होने वाले साध्य के ज्ञान को अभिनिबोध या अनुमान कहते हैं।

मतिज्ञान का विकास क्रम से होता है इसलिये इसके अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ये चार भेद कहे गये हैं-

१. अवग्रह- किसी वस्तु को देखकर, स्पर्शकर, सुनकर, चखकर, सूँघकर, यह कुछ है ऐसा ज्ञान अवग्रह है।

२. ईहा- अवग्रह के बाद विशेष जानने की इच्छा होती है वह ईहा ज्ञान है। जैसे- जो सफेद दिख रहा है या कोई शब्द आ रहा है वह क्या है? वस्त्र है इत्यादि रूप से जानने की इच्छा प्रगट होना ईहा ज्ञान है।

३. अवाय- ईहाज्ञान के बाद उस जानी हुयी वस्तु का निर्णय कर लेना जैसा यह सफेद वस्तु ध्वजा है या बगुला है, यह अवाय ज्ञान है।

४. धारणा- अवायज्ञान से निर्मितवस्तु को कालान्तर में नहीं भूलना धारणा है। मिथ्यात्वकर्म के उदय से ज्ञान मिथ्या अथवा कुज्ञान होते हैं।

---

११. तत्त्वार्थ सूत्र

१. कुमतिज्ञान- इन्द्रिय और मन की सहायता से वस्तु को जानने वाला मिथ्याज्ञान कुमतिज्ञान है।

२. कुश्रुतज्ञान- कुमति के द्वारा जाने हुये पदार्थ के विशेष्ज्ञ को जानने वाला मिथ्याज्ञान कुश्रुत है।

३. कु-अवधिज्ञान- द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा रूपी पदार्थों का ज्ञाता मिथ्याज्ञान कु-अवधिज्ञान है।

श्रुतज्ञान- मतिज्ञान के द्वारा जाने हुये पदार्थों को विशेषरूप से जानने वाला ज्ञान श्रुतज्ञान है।

अवधिज्ञान- द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की मर्यादा लिये रूपी पदार्थों को स्पष्ट जानता है अवधिज्ञान है।

मन:पर्ययज्ञान- मन:पर्ययज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा दूसरे के मन में स्थित सरल और गूढ रूपी-पदार्थों को जानने वाले ज्ञान को मन:पर्ययज्ञान कहते हैं।

केवलज्ञान- केवलज्ञानावरण कर्म के क्षय से उत्पन्न ज्ञान त्रिकालवर्ती सारे पदार्थों तथा उनकी अनंत गुण और अनंत पर्यायों को जो एक साथ जानता है उसको केवलज्ञान कहते हैं।

सामान्य-विशेष गुणों का कथन-

कथन करने की पद्धति दो प्रकार से सामान्य और विशेष। सामान्य गुण से तात्पर्य है जो सम्पूर्ण द्रव्य में पाया जाता है वह सामान्य है। जैसे- जितने भी जीव है सभी में जीवत्व पाया जाता है। विशेष गुण से तात्पर्य है जो एक द्रव्य को दूसरे द्रव्य से पृथक् करें उसे विशेष गुण कहते हैं। जैसे- पुरुष, स्त्री, तिर्यञ्च इत्यादि। सामान्य और विशेष गुणों की विवक्षा द्वारा वस्तु को जानते हैं। इस विविक्षा को नय द्वारा और अधिक स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है।

नय का लक्षण-प्रमाणेन वस्तु संगृहीतार्थैकांशो नयः श्रुतविकल्पो वा, ज्ञातुरभिप्रायो वा नयः, नानास्वभावेभ्यो व्यावृत्त्य एकस्मिन् स्वभावे वस्तु नयति प्राप्नोतीति वा नयः।।[१२]

---

१२. आलापपद्धति/१८१

प्रमाण के द्वारा सम्यक् प्रकार ग्रहण की गई वस्तु के एक धर्म अर्थात् अंश को ग्रहण करने वाले ज्ञान को नय कहते हैं। अथवा श्रुतज्ञान के विकल्प को नय कहते हैं। ज्ञाता के अभिप्राया को नय कहते हैं। अथ्ज्ञवा जो नाना स्वभावों से हटाकर किसी एक स्वभाव में वस्तु को प्राप्त कराता है वह नय है। नय को दो भागों में विभक्त किया है- व्यवहार नय और निश्चय नय।

निश्चय नय-

भेदोपचारितया वस्तु व्यवह्रियत इति व्यवहारः॥२०५॥[१३]

भेद और उपचार से वस्तु का व्यवहार करता है वह व्यवहार नय है।

व्यवहार नय-

अभेदनानुचारितया वस्तुनिश्चीयत इति निश्चयः॥२०४॥[१४]

अभेद और अनुपचारिता नय से जो नय वस्तु का निश्चय करें वह निश्चय नय है। अतः भगवज्जिनेन्द्र ने सामान्य-विशेष और निश्चय-व्यवहार नय की दृष्टि को प्रदान करते हुये उपयोग के सन्दर्भ में कहा है।

अट्ठचदुणाण दंसण सामण्णं जीवलक्खणं भणियं।
ववहारा सुद्धणया सुद्धं पुण दंसणं णाणं॥६॥[१५]

व्यवहार नय से जीव का लक्षण आठ प्रकार का ज्ञान और चार प्रकार का दर्शनोपयोग है। यह सामान्य जीव का लक्षण है। इसमें संसारी मुक्त एकेन्द्रिय आदि जीव के भेदों की विवक्षा नहीं है। परन्तु शुद्ध निश्चय नय से शुद्ध अखण्ड केवलज्ञान और दर्शन ही जीव का लक्षण है।

चेतना की परिणति विशेष का नाम उपयोग है। चेतना सामान्य गुण है और ज्ञान-दर्शन ये दो इसकी पर्यायें एवं अवस्थायें है, इन्हीं को उपयोग कहते हैं। निमें दर्शन तो अन्तर्चित्प्रकाश का सामान्य प्रतिभास है और ज्ञान बाह्य पदार्थों के विशेष प्रतिभास को कहते हैं। सविकल्प होने के कारण व्याख्येय है। इन दोनों ही उपयोगों के अनेक भेद-प्रभेद है। यही उपयोग जब बाहर में शुभ या अशुभ पदार्थों का आश्रय करता है तो शुभ और अशुभ विकल्प रूप हो जाता है। और

---

१३. आलापपद्धति/२०३

१४. आलापपद्धति/२०४

१५. द्रव्यसंग्रह/६

जब केवल अन्तरात्मा का आश्रय करता है तो निर्विकल्प होने के कारण शुद्ध कहलाता है। शुभ-अशुभ उपयोग संसार का कारण है अतः परमार्थ से हेय है और शुद्धोपयोग मोक्ष व आनन्द का कारण है इसलिये उपादेय है।[१६]

अप्पा उवओगप्पा उवओगो णाणदंसणं भणिदो।
सो वि सुहो असुहो वा उवओगो अप्पणो होदि॥१५५॥[१७]

आत्मा उपयोगात्मक है उपयोग ज्ञान-दर्शन को कहा गया है। और आत्मा का वह उपयोग शुभ और अशुभ होता है।

भावं तिविहपयारं सुहासुहं सुद्धमेव णायव्वं॥[१८]

जिनवरदेव ने भाव तीन प्रकार के कहे हैं- शुभ भाव, अशुभ भाव और शुद्ध भाव।

इस ज्ञान-दर्शनात्मक उपयोग के दो भेद कहे हैं- शुद्ध और अशुद्ध। उनमें से शुद्ध उपयोग है निरुपयोग है और अशुद्ध उपयोग सोपयोग है। वह अशुद्धोपयोग शुभ और अशुभ दो भेदरूप है, क्योंकि उपराग विशुद्धिरूप व संक्लेशरूप दो प्रकार का है।

अशुभोपयोग का लक्षण-

विपरीतः पापस्य तु आस्रवहेतुं विजानीहि॥[१९]

जीवों पर दया तथा सम्यग्दर्शन ज्ञानरूपी उपयोग पुण्यकर्म के आस्रव के कारण है तथा इनके विपरीत निर्दयपना और मिथ्याज्ञान-दर्शनरूप उपयोग पापकर्म के आस्रव के कारण जानना चाहिये।

अशुभस्य आर्त्त-रौद्रम्॥[२०]

आर्त्त-रौद्र ध्यान अशुभभाव है।

---

१६. जैनेन्द्रसिद्धान्तकोष भाग-1/ पेज नं. ४२८
१७. प्रवचनसार/मूल/१५५
१८. भा.पा./मूल/७६
१९. मूलाचार/२३५
२०. भा.पा./मूल/७६
२१. प्रवचनसार/मूल/१५८

जिसका उपयोग विषय-कषायों में मग्न, कु-श्रुति, कुविचार और कुसंगति में लगा हुआ, उग्र है तथा उन्मार्ग में लगा हुआ उसके अशुभोपयोग है। शुभोपयोग के लक्षण में प्रशस्त राग तथा चित्त प्रसाद को शुभ बताया गया है। जहाँ राग-द्वेष, मोह व अप्रशस्त राग होता है वहाँ अशुभ उपयोग है।

शुभोपयोग का लक्षण-

पुण्णास्सासवभूदा अणुकंपा सुद्ध एव उवओगो।[२१]

जीवों पर दया, वचन, काय की क्रिया, शुद्धदर्शन ज्ञान रूप उपयोग ये पुण्यकर्म के आस्रव के कारण है।

शुभः धर्म्यम्।।[२२]

धर्मध्यान शुभभाव है।

देव-शास्त्र-गुरू की पूजा में तथा दान में एवं सुशीलों में और उपवासादिक में लीन आत्मा शुभोपयोगात्मक है। जो जिनेन्द्रों को जानता है, सिद्धों तथा अनगारों की श्रद्धा करता है, अर्थात् पंचपरमेष्ठी में अनुरक्त है और जीवों के प्रति अनुकम्पा युक्त है उसके वह शुभोपयोग है।

शुद्धोपयोग का लक्षण-

सुद्धं सुद्धसहावो अप्पा अप्पम्मि तं च णायव्वं।[२३]

शुद्धभाव है सो अपना शुद्ध स्वभाव आप में ही है ऐसा जानना चाहिये।

सुविदितपयत्थसुत्तो संजमतवसंजुदो विगदरागो।
समणो समसुहदुक्खो भणिदो सुद्धोवओगो त्ति।।[२४]

जिन्होंने पदार्थों और सूत्रों को भलीभांति जान लिया है जो संयम और तपयुक्त है जो वीतराग है जिन्हें सुख-दुःख समान हैं, ऐसे श्रमण को शुद्धोपयोगी कहा गया है।

तीनों उपयोगों में गुणस्थान- मिथ्यात्व, सासादन और मिश्र इन तीन गुणस्थानों में तारतम्य से घटता हुआ अशुभ उपयोग है। इसके बाद अविरत सम्यग्दृष्टि,

---

२२. पंचास्तिकाय/मूल/१३१

२३. मूलाचार/२३५, रयणसार/६५

२४. भा.पा./७६

देशविरत तथा प्रमत्तविरत इन तीन गुणस्थानों में तारतम्य से बढ़ता हुआ शुभोपयोग है। उसके बाद अप्रमत्त से लेकर क्षीणकषाय तक छह गुणस्थानों में तारतम्य से बढ़ता हुआ शुद्धोपयोग है। सयोगजिन और अयोगजिन इन दो गुणस्थानों में शुद्धोपयोग का फल है।

प्रवृत्त्यात्मक शुभोपयोग सप्तम गुणस्थान में भी रहता है। जय धवला, महाधवलादि में इसके ऊपर भी शुभोपयोग माना है। जिस समय हम सामायिक में मौन हो जाते हैं या गुप्ति आदि में लीन हो जाते हैं, वस्तुतः उस सयम शुद्धोपयोग होता है यह क्रम रखा है।

धम्मेण परिणदप्पा जदि सुद्धसंपयोग जुदो।
पावदि णिव्वाणसुहं सुहोवजुत्तो व सग्गसुहं।।[२६]

धर्म से परिणित आत्मा यदि शुद्धोपयोग सहित होता है तो वह मोक्षसुख को प्राप्त करता है, और यदि शुभोपयोग वाला होता है तो स्वर्गसुख को प्राप्त होता है।

इस प्रकार से उपयोग आत्मा का ही लक्षण है। लक्ष्य और लक्षण की दृष्टि से भेद होते हुये भी दोनों एक ही है, क्योंकि आत्मा उपयोग के बिना नहीं है, और उपयोग आत्मा के बिना नहीं है। संसार की प्रत्येक आत्मा में उपयोग पाया जाता है और जिसमें उपयोग पाया जाता है वह आत्मा है। मात्र अन्तर है जीव वर्तमान में जो संसार में भटक रहा है वह शुद्ध परिणति से परिणित नहीं है अपितु अशुद्ध परिणति में ही मग्न है। जब तक जीव शुद्ध परिणति में नहीं आयेगा तब तक जीव के शुद्धोपयोग की दशा का निर्माण नहीं होगा। जिसको आत्मा और परमात्मा का भेद स्पष्ट रीति से समझ में आ जाता है वही वास्तव में शुद्धोपयोग से परिणित आत्मा होती है और एक दिवस वह शुद्ध परिणित आत्मा के स्व-स्वरूप को प्राप्त कर चैतन्य-आनन्द में लीन सिद्ध अवस्था को प्राप्त करती है।

आयतस्तूः
आशीष कुमार जैन आचार्य,शाहगढ़

---

२५ भावपाहुड/मूल/७७
२६. प्रवचनसार/मूल/१४

अणुक्कमणिआ

क्र.	विसयो	पिट्ठसंखा
1	उवओगसद्दस्स विउपत्ति	1
2	लक्खणस्स लक्खणं	2
3	उवओगस्स लक्खणं	3
4	उवओगभावणाए लक्खणं	6
5	उवओगो लद्धि य णिद्देसो	7
6	उवओग-लद्धिसु अंतरो	8
7	उवओगस्स वायणा-पृच्छणादीणं भेया	9
8	सहाव-विहावरुवाइं भेयाइं लक्खणाइं य	10
9	उवओगस्स भेयो	11
10	णाणोवओगो	13
11	पमाणं	16
12	परोक्खपमाणं	18
13	पच्चक्खपमाणं	53
14	उवओगे योगे य अंतरो	89
15	गुणट्ठाणेसु जोगो	93
16	असुहोवओगस्स लक्खणं	100
17	सुहोवओगस्स लक्खणं	101
18	सुद्धोवओगस्स लक्खणं	102

उवओग-विमस्सो

(उपयोग विमर्श)

१. उवओगसद्दस्स विउपत्ति - उपयुज्यते वस्तु प्रति प्रेर्यते यः वस्तु स्वरूपपरिज्ञानार्थम् इत्युपयोगः। ''अकर्त्तरि च कारके संज्ञायाम्'' , घञ्। अथवा आत्मन उप समीपे योजनं उपयोगः ''भावे'' , घञ्।

वत्थुं पइ **उपयुज्** हवइ, वत्थुसरुवस्स वा परिण्णाणाय पेरइ, सो उवओगो अत्थि। एतम्मि '**अकर्तरि च कारके**' एतत्तो **घञ्** पत्तयो हवीअ। अहवा अप्पणो **उप**-समीवं **युज्** संलग्गं उवओगो अत्थि। अत्थ भाववायीसद्देसु घञ् पत्तयो हवीअ। उवओगसद्दस्स आगमिगात्थो अत्थि - जीवस्स अणुविहायीपरिणामो, अज्झप्पिगात्थो य अत्थि- परिणदि अणुट्ठाणं वा। उवओगसद्दो पि दोसद्देहिं मिलिदूणं णिम्मिदं अत्थि- उप+योग= अयं कम्मधारयसमासपहाणसद्दो अत्थि। सत्थेसु उवओगो अयं एगो पदात्तगो सद्दो अत्थि (उव+योगो) जस्स अत्थो अत्थि- योगस्स समीवं णिकटं वा।

उपयोग शब्द की व्युत्पत्ति - उपयुज्यते वस्तु प्रति प्रेर्यते यः वस्तु स्वरूपपरिज्ञानार्थम् इत्युपयोगः। ''अकर्त्तरि च कारके संज्ञायाम्'' पाणिनि सूत्र ३/३/१८, घञ्। अथवा आत्मन उप समीपे योजनं उपयोगः ''भावे'' पा.सू. ३/३/१८, घञ्। त.सा./२/८

वस्तु के प्रति **उपयुज्** होता है वा वस्तु स्वरूप का परिज्ञान करने के लिये प्रेरित होता है उसे उपयोग कहते हैं। इसमें '**अकर्तरि च कारके**' से **घञ्** प्रत्यय हुआ। अथवा आत्मा के '**उप**' - समीप '**युज्**' लगना उपयोग है। यहाँ भाववाची शब्द में घञ् प्रत्यय किया गया है। उपयोग शब्द का आगमिक अर्थ है जीव का अनुविधायी परिणाम और आध्यात्मिक अर्थ है परिणति या अनुष्ठान। उपयोग शब्द भी दो से मिलकर बना है उप+योग = यह कर्मधारय समास प्रधान शब्द है। शास्त्रों में उपयोग यह एक पदात्मक है (उप+योग) जिसका अर्थ है योग के समीप या निकट।

उवओगसामण्णेण णाणदंसणरुवं अत्थि सो एव अप्पणो लक्खणं अत्थि। कम्माणं खयस्स खयोवसमस्स णिमित्तेण उप्पण्णमाणो, बहिरंगांतरंगाणं वा णिमित्तेहिं उप्पण्णमाणो चेतण्णस्स अण्वयी, तत्तपरियं अत्थि- चेतण्णं छड्डिऊणं अण्णत्त ण हवइ, ते जीवा परिणामा उवओगो अत्थि। उवओगजीवेसु लक्खलक्खणाणं अपेक्खाए भेयो अत्थि। उवओगो लक्खणं अत्थि, जीवो य लक्खं अत्थि। अतो जीवस्स लक्खणे सदि उवओगो अप्पसरुवं अत्थि।

लक्खणस्स लक्खणं- व्यतिकीर्ण वस्तु व्यावृत्तिर्हेतुर्लक्षणम्।।

वितिकीण्णा अणेगा वत्थुसु कस्स एग-वत्थुं वाविच्तिहेदुं लक्खणं इदि कहइ। यहा- अग्गीए उम्हा (अप्पभूदो), दण्डीपुरिसस्स दण्डो (अणप्पभूदो)। तेण पकारेण जीवोवओगेसु लक्खलक्खणाणं अपेक्खाए भेयो संति। उवओगो हविस्सदि ता जीवे एव, अण्णत्तं ण। जेण पकारेण उम्हा अग्गीए हविस्सदि अण्णत्तं ण। परंतु कस्सावि जणो कहइ जं अग्गि कहं अत्थि? तस्स लक्खणं किं अत्थि? कहइ- उम्हा अग्गिविसये कहइ, अग्गि तस्स लक्खं अत्थि।

उपयोग सामान्य से ज्ञानदर्शनरूप है वही आत्मा का लक्षण है। कर्मों के क्षय और क्षयोपशम के निमित्त से उत्पद्यमान वा बहिरंग और अंतरंग दोनों प्रकार के निमित्तों से उत्पद्यमान चैतन्य के अन्वयी अर्थात् चैतन्य को छोड़कर अन्यत्र नहीं रहने वाले जीव के परिणामों को **उपयोग** कहते हैं। उपयोग और जीव में लक्ष्य-लक्षण की अपेक्षा भेद है। उपयोग लक्षण है और जीव लक्ष्य है। अत: जीव का लक्षण होने से उपयोग आत्मस्वरूप है।

लक्षण का लक्षण- व्यतिकीर्ण वस्तु व्यावृत्तिर्हेतुर्लक्षणम्।।

मिली हुई अनेक वस्तुओं में से किसी एक वस्तु को पृथक् करने वाले हेतु को लक्षण कहते हैं। जैसे अग्नि में उष्णता (आत्मभूत), दण्उडीपुरुष का दण्ड (अनात्मभूत)। उसी प्रकार जीव और उपयोग में लक्ष्य और लक्षण की अपेक्षा भेद है। उपयोग होगा तो जीव में ही, अन्यत्र नहीं। जिस प्रकार उष्णता अग्नि में होगी अन्यत्र नहीं। परन्तु किसी के पूछने पर अग्नि कैसी है? अर्थात् उसका लक्षण क्या है? तो कहते हैं- अग्नि उष्ण है, उसका लक्षण उष्ण है। उष्ण क्या है? उष्णता किसको बता रही है? तो कहते हैं- उष्णता अग्नि को बता रही है, अग्नि उसका लक्ष्य है।

तेण पकारेण जीवो कहं अत्थि? जीवस्स लक्खणं किं अत्थि? जीवो उवओगमओ अत्थि। जीवस्स लक्खणं उवओगो अत्थि। उवओगो किमत्थि? उवओगो कस्स लक्खणं कहइ? उवओगो जीवं कहइ, जं जो उवओगमओ अत्थि, सो एव जीवो अत्थि, सेसो ण। उत्तकहणेण सपट्टं हवइ जं जीवोवओगेसु लक्खलक्खणाणं भेयो अत्थि, परंतु अप्पभूदस्स अपेक्खाए।

२. उवओगस्स लक्खणं –

चैतन्यानुविधायी परिणामः उपयोगः।

चेतण्णाणुविहायी परिणामो णाम उवओगो।

वत्थुणिमित्तो भावो जादो जीवस्स होदि उवओगो॥

जीवस्स जो भावं वत्थूए उग्गहाय पवित्तिं हवइ, सो एव उवओगो अत्थि।

प्रणिधानम् उपयोगः परिणामः इत्यनर्थान्तरम्॥

पणिहाणं उवओगो परिणामो इदि णामांतरं संति।

जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई॥

उसी प्रकार से जीव कैसा है? जीव का लक्षण क्या है? जीव उपयोगमय है। जीव का लक्षण उपयोग है। उपयोग क्या है? उपयोग किसका बता रहा है? उपयोग जीव को बता रहा है, कि जो उपयोगमयी है वही जीव है, शेष नहीं। उक्त कथन से स्पष्ट हो जाता है कि जीव और उपयोग में लक्ष्य-लक्षण का भेद है तो परन्तु आत्मभूत की अपेक्षा।

उपयोग का लक्षण-

चैतन्यानुविधायी परिणामः उपयोगः।

चैतन्य का अनुविधायी परिणाम ही उपयोग है।

वत्थुणिमित्तो भावो जादो जीवस्स होदि उवओगो॥

जीव का जो भाव वस्तु के ग्रहण करने के लिये प्रवृत्त होता है वही उपयोग है।

प्रणिधानम् उपयोगः परिणामः इत्यनर्थान्तरम्॥

प्रणिधान, उपयोग, परिणाम ये सब एकार्थवाची है।

जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई॥

जीवो उवओगमओ, अमुत्तिगो, कत्ता, सदेहपरिणामो, भोत्ता, संसारी, सिद्धो विस्सोड्ढगई अत्थि।

यत्संनिधानादात्मा द्रव्येन्द्रियनिर्वृत्तिं प्रति व्याप्रियते स ज्ञानवरणक्षयोपशमविशेषो लब्धिरिति विज्ञायते। तदुक्तं निमित्तं प्रतीत्य उत्पद्यमान आत्मनः परिणाम उपयोग इत्युपदिश्यते।

जस्स सण्णिहाणेण अप्पा द्रव्वेंदियाणं रयणां पइ वापारं करइ, इत्थं णाणावरणकम्मस्स खयोवसमविसेसं लद्धिं कहइ। पूव्वोत्तणिमित्तलद्धीए अवलंबणेण उप्पण्णो अप्पणो परिणामं उवओगो कहइ।

आत्मनश्चैतन्यानुविधायिपरिणामः उपयोगः चैतन्यमनुविधात्यन्वयरूपेण परिणमति अथवा पदार्थ परच्छित्ति काले घटोऽयं पटोऽयंमित्याद्यर्थग्रहणरूपेण व्यापारयति चैतन्यानुविधायि स्फुटं द्विविधः।

अप्पणो चेतण्णाणुविहायी परिणामं उवओगो कहइ। जो चेतण्णस्स आण्णाए अणुसारेण चलदि, तस्स वा अण्वयरुवेण परिणमणं करइ, सो उवओगो कहइ।

जीव उपयोगमयी, अमूर्त्तिक, कर्त्ता, स्वदेहपरिणाम, भोक्ता, संसारी, सिद्ध और ऊर्ध्वगमन करने वाला है।

यत्संनिधानादात्मा द्रव्येन्द्रियनिर्वृत्तिं प्रति व्याप्रियते स ज्ञानवरणक्षयोपशमविशेषो लब्धिरिति विज्ञायते। तदुक्तं निमित्तं प्रतीत्य उत्पद्यमान आत्मनः परिणाम उपयोग इत्युपदिश्यते।[३]

जिसके सन्निधान से आत्मा देव्येन्द्रियों की रचना के प्रति व्यापार करता है ऐसे ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम विशेष को लब्धि कहते है। उस पूर्वोक्त निमित्त लब्धि के अवलम्बन से उत्पन्न होने वाले आत्मा के परिणाम को उपयोग कहते है।

आत्मनश्चैतन्यानुविधायिपरिणामः उपयोगः चैतन्यमनुविधात्यन्वयरूपेण परिणमति अथवा पदार्थ परच्छित्ति काले घटोऽयं पटोऽयंमित्याद्यर्थग्रहणरूपेण व्यापारयति चैतन्यानुविधायि स्फुटं द्विविधः।[४]

आत्मा के चैतन्यानुविधायी परिणाम को उपयोग कहते है। जो चैतन्य की आज्ञा के अनुसार चलता है या उसके अन्वयरूप से परिणमन करताहै उसे उपयोग कहते है।

अहवा पयत्थपरिच्छित्तीए समयो 'अयं घटो अत्थि' 'अयं पटो अत्थि' एतेण पकारेण अत्थगहणरुवेण वापारं करइ, सो चेतण्णाणुविहायी अत्थि। सो दोपकारस्स अत्थि।

स्वपरग्रहणपरिणामः उपयोगः।

सवपराइं उग्गहपरिणामं उवओगो इदि कहइ।

मार्गणोपायो ज्ञानदर्शनसामान्यमुपयोगः।

णाणदंसणसामण्णं उवओगो अत्थि।

उपयोगो लक्षणम्।

जीवस्स लक्खणं उवओगो अत्थि।

चेदणाए परिणदिविसेसस्स णाम उवओगो अत्थि। चेदणा सामाण्णं गुणं अत्थि, णाणदंसणाइं दोपज्जायाओ अवत्थाओ वा संति। सो एव उवओगो। दंसणं दु अंतरचिदपकासस्स सामाण्णं पदिभासं अत्थि, जो णिव्विकप्पस्स कारणेण वयणातीदो णवरि य अणुभवगम्मो अत्थि। णाणं य बहिपयत्थाणं विसेस-पइभासं कहइ।

अथवा पदार्थ परिच्छित्ति के समय 'यह घट है' 'यह पट है' इस प्रकार अर्थ ग्रहण रूप से व्यापार करता है वह चैतन्य का अनुविधायी है। वह दो प्रकार का है।

स्वपरग्रहणपरिणामः उपयोगः।[५]

स्व और पर को ग्रहण करने वाले परिणाम को उपयोग कहते है।

मार्गणोपायो ज्ञानदर्शनसामान्यमुपयोगः।[७]

मार्गणा जो अवलोकरन ताका जो उपाय सो ज्ञानदर्शन का सामान्य भावरूप उपयोग है।

उपयोगो लक्षणम्। त.सू.

जीव का लक्षण उपयोग है।

चेतना की परिणति विशेष का नाम उपयोग है। चेतना सामान्य गुण है और ज्ञादर्शन ये दो इसकी पर्याय या अवस्थायें हैं। इन्हीं को उपयोग कहते है। तिनमें दर्शन तो अन्तर्चित्प्रकाश का सामान्य प्रतिभास है जो निर्विकल्प होने के कारण वचनातीत व केवल अनुभवगम्य है। और ज्ञान बाह्य पदार्थों के विोष प्रतिहभास को कहते है।

सविकप्पस्स कारणेण वाखेयं अत्थि। एआअ दोण्णि एव उवओगाणं अणेगभेय-पभेया संति। सो एव उवओगो बहिरुवेण सुहासुहपयत्थाणं आरंभइ, ता सुहासुहविकप्परुवेण हवइ, यदो य णवरि अंतराप्पणो आस्सयं करेइ, ता णिव्विकप्पस्स कारणेण सुद्धो कहइ। सुहासुहावओगा संसारस्स कारणमत्थि। अतो परमत्थेण हेयो अत्थि, सुद्धोवओगो य मोक्खस्स आणंदस्स कारणं अत्थि, तं उवादेयो अत्थि।

उवओगभावणाए लक्खणं -

मतिज्ञानावरणीयक्षयोपमजनितार्थग्रहणशक्तिरूपलब्धिर्ज्ञाते अर्थे पुनः पुनश्चिन्तनं भावना नीलमिदं, पीतमिदं इत्यादिरूपेणार्थग्रहणव्यापार उपयोगः।

मइणाणावरणस्स खयोवसमजणिदं अत्थग्गहणं सत्तिरुवं जो लद्धि अत्थि, तेण जाणित्ता पयत्थेसु पुणो पुणो चिंतणं भावणा अत्थि। यहा- इदं णीलं अत्थि, इदं पीदं अत्थि, आदिरुवं अत्थग्गहणस्स वापारं उवओगो अत्थि।

सविकल्प होने के कारण व्याख्येय है। इन दोनों ही उपयोगों के अनेक भेद-प्रभेद हैं। यही उपयोग जब बाहरहवें शुभ या अशुभ पदार्थों का आरमय करता है तो शुभ अशुभ विकल्पों रूयप हो जाता है और जब केवल अन्तरात्मा का आश्रय करता है तो निर्विकल्प होने के कारण शुद्ध कहलाता है। शुभ-अशुभ उपयोग संसार का कारण है अतः परमर्थ से हेय है और शुद्धोपयोग मोक्ष व आनन्द का कारण है इसलिये उपादेय है। जै.सि.को.

उपयोग भावना का लक्षण -

मतिज्ञानावरणीयक्षयोपमजनितार्थग्रहणशक्तिरूपलब्धिर्ज्ञाते अर्थे पुनः पुनश्चिन्तनं भावना नीलमिदं, पीतमिदं इत्यादिरूपेणार्थग्रहणव्यापार उपयोगः। पं.का./ता.वृ.४३/८६/२

मतिज्ञानावरण के क्षयोपशमजनित अर्थग्रहण को ग्रहण को शक्तिरूप जो लब्धि उसके द्वारा जाने गये पदार्थ में पुनः-पुनः चिन्तन करना भावना है। जैसे कि **यह नील है यह पीत है** इत्यादि रूप अर्थग्रहण करने का व्यापार उपयोग है।

उवओगो लद्धि य णिद्देसो - उवओगो णाणदंसणमग्गणाए अंतरो - स्वपरग्रहणपरिणाम उपयोगः। न स ज्ञानदर्शनमार्गणयोरन्तर्भवति, ज्ञानदृगावरणकर्मक्षयोपशमस्य तदुभयकारणस्योपयोगत्वविरोधात्।

सवपरग्गाहगपरिणामविसेसो णाम उवओगो अत्थि। सो उवओगो णाणमग्गणाए दंसणमग्गणाए य अंतरभूदो ण हवइ, यदोहि, णाणदंसणेहिं कारणरुवं णाणावरणदंसणावरणाण खयोवसमं उवओगं मण्णे विरोहो उप्पज्जइ।

साकारोपयोगो ज्ञानमार्गणायामनाकारोपयोगो दर्शनमार्गणायां अन्तर्भवति तयोर्ज्ञानदर्शनरूपत्वात्।

सायारोवओगो णाणमग्गणाए अणायारोवओगो य दंसणमग्गणाए अंतरभूदो हवंति, यदोहि, ते दोण्णि णाणदंसणरुवं एव अत्थि। टिप्पणी- मग्गणाए अत्थो खयोवसम-सामाण्णं लद्धि वात्थि, उवओगो य तस्स कज्जं अत्थि। अतो दोण्णि भेयो संति। परंतु जदो दोण्णि सरुवं णिरक्खामो, ता दोण्णि कोवि भेयो णत्थि, यदोहि उवओगो पि णाणदंसणसरुवं अत्थि, मग्गणा य पि।

उपयोग व लब्धि निर्देश

उपयोग व ज्ञानदर्शन मार्गणा में अन्तर

स्वपरग्रहणपरिणाम उपयोगः। न स ज्ञानदर्शनमार्गणयोरन्तर्भवति, ज्ञानदृगावरणकर्मक्षयोपशमस्य तदुभयकारणस्योपयोगत्वविरोधात्।

स्व व पर को ग्रहण करने वाले परिणाम विशेष को उपयोग कहते हैं। वह उपयोग ज्ञानमार्गणा और दर्शनमार्गणा में अन्तर्भूत नहीं होता है, क्योंकि, ज्ञान और दर्शन इन दोनों के कारणरूप ज्ञानावरण और दर्शनावरण के क्षयोपशम को उपयोग मानने में विरोध जाता है। **ध. २/१**

साकारोपयोगो ज्ञानमार्गणायामनाकारोपयोगो दर्शनमार्गणायां अन्तर्भवति तयोर्ज्ञानदर्शनरूपत्वात्। साकारोपयोग ज्ञानमार्गणा में और अनाकार उपयोग दर्शनमार्गणा में अन्तर्भूत होते हैं क्योंकि, वे दोनों ज्ञान और दर्शन रूप ही है। टिप्पणी- मार्गणा का अर्थ क्षयोपशम सामान्य या लब्धि है और उपयोग उसका कार्य है। अतः इन दोनों में भेद है। परन्तु जब इन दोनों के स्वरूप को देखा जाये तो दोनों में कोई भेद नहीं है, क्योंकि उपयोग भी ज्ञानदर्शन स्वरूप है और मार्गणा भी।

उवओगलद्धिसु अंतरो- णाणावरणकम्मस्स खयोवसमं लद्धि इदि कहइ। तस्स य णिमित्तेण उप्पण्णपरिणामं उवओगो इदि कहइ।

एक्के काले एक्कं णाणं जीवस्स होदि उवजुत्तं।
णाणा णाणाणि पुणो लद्धिसहावेण बुच्चंति।।

जीवस्स एगसमयम्मि एगमेव णाणस्स उवओगो हवइ। किंतु लद्धिरुवेण एगसमये अणेकाणि णाणाणि उत्तं।

नास्त्यत्र विषमव्याप्तिर्यावल्लब्ध्युपयोगयोः।
लब्धिक्षतेरवश्यं स्यादुपयोगक्षतिर्यतः।।८५४।।
अभावात्तूपयोगस्य क्षतिर्लब्धेश्च वा न वा।
यत्तदावरणस्यामा दृशा व्याप्तिर्न चामुना।।८५५।।

अत्थ सव्वोवओगलद्धिसु विसमवात्ति एव हवंति। यदोहि लद्धिणासेण अवसयमेव उवओगस्स णासं हवइ, किंतु उवओगस्स अभावेण लद्धीए णासं हवइ अहवा ण पि हवइ।

उपयोग व लब्धि में अन्तर- ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम को लब्धि कहते हैं और उसके निमित्त से उत्पन्न होने वाले परिणाम को उपयोग कहते हैं।

कार्तिकेयानुपेक्षा २६०

एक्के काले एक्कं णाणं जीवस्स होदि उवजुत्तं।
णाणा णाणाणि पुणो लद्धिसहावेण बुच्चंति।

जीव के एक समय में एक ही ज्ञान का उपयोग होता है। किन्तु लब्धिरूप से एक सयम अनेक ज्ञान कहे हैं **।पंचाध्यायी ८५४-८५५**

नास्त्यत्र विषमव्याप्तिर्यावल्लब्ध्युपयोगयोः।
लब्धिक्षतेरवश्यं स्यादुपयोगक्षतिर्यतः।।८५४।।
अभावात्तूपयोगस्य क्षतिर्लब्धेश्च वा न वा।
यत्तदावरणस्यामा दृशा व्याप्तिर्न चामुना।।८५५।।

यहाँ सम्पूर्ण लब्धि और उपयोगों में विषमव्याप्ति ही होती है। क्योंकि लब्धि के नाश से अवश्य ही उपयोग का नाश हो जाता है किन्तु उपयोग के अभाव से लब्धि का नाश हो अथवा न भी हो।

लद्धि दु णिव्विकप्पं हवइ-

सिद्धमेतावतोक्तेन लब्धिर्या प्रोक्तलक्षणा।
निरुपयोगरूपत्वान्निर्विकल्पा स्वतोस्ति सा॥८५८॥

इत्तियं कहणेण अयं सिज्झदि जं जस्स लक्खणं पुव्वमेव कहीअ, इत्थं जो लद्धि अत्थि, सो सयत्तो उवओगरुवं ण सदि णिव्विकप्पं अत्थि।

उवओगस्स अत्थित्ते पि लद्धीए अभावो ण हवइ -

कदाचित्कास्ति ज्ञानस्य चेतना स्वोपयोगी।
नालं लब्धेर्विनाशाय समव्याप्तेरसंभवात्।

लद्धि-उवओगेसु समवात्तीए ण सदि यदो कदाचि अप्पोवओगम्मि, उवलक्खणेण अण्णोवओगेसु पि तत्तपरा उवओगाप्पग-णाणचेदणा लद्धिरुवं णाणचेदणाए णासाय समत्थो णत्थि।

उवओगस्स वायणा-पृच्छणादीणं भेया -

उत्थानिका- संपधि एदेसु जो उवजोगो तस्स भेदपरूवणट्ठसुत्तरसुत्तमागदं।

लब्धि तो निर्विकल्प होती है-

सिद्धमेतावतोक्तेन लब्धिर्या प्रोक्तलक्षणा।
निरुपयोगरूपत्वान्निर्विकल्पा स्वतोस्ति सा॥८५८॥पंचाध्यायी ८५८

इतना कहने से यह सिद्ध होता है कि जिसका लक्षण कहा जा चुका है ऐसी जो लब्धि है वह स्वत: उपयोग रूप न होने निर्विकल्प है।

उपयोग के अस्तित्व में भी लब्धि का अभाव नहीं हो जाता

कदाचित्कास्ति ज्ञानस्य चेतना स्वोपयोगी।
नालं लब्धेर्विनाशाय समव्याप्तेरसंभवात्॥पंचाध्यायी ८५३

लब्धि और उपयोग में समव्याप्ति नहीं होने से यदा कदाचित् आत्मोपयोग में अर्थात् उपलक्षण से अन्य उपयोगों में भी तत्पर रहने वाली उपयोगात्मक ज्ञानचेतना लब्धि रूप ज्ञान चेतना के नाश करने के लिये समर्थ नहीं है।

उपयोग के वांचना पृच्छना आदि भेद

इन आगम निक्षेपों में जो उपयोग है उसके भेदों की प्ररूपणा के लिये उत्तर सूत्र प्राप्त होता है ।

जा तत्थ वायणा वा पृच्छणा का पडिच्छणा वा परियट्टणा वा अणुपेक्खा वा थम-थुदि-धम्मकहा वा जे चामण्णे एवमादिया।

एतेसु आगमणिक्खेपेसु जो उवओगो अत्थि, तस्स भेयाणं परुवणाए उत्तरसुत्तं पावइ- तेसु नवागमेसु जा वायणा, पृच्छणा, पडिच्छणा, परियट्टणा, अणुपेक्खणा, थवं, थुदि, धम्मकहा य जे ते उवओगो।

उवओगस्स सहाव-विहावरुवाइं भेयाइं लक्खणाइं य -

जीवो उवओगमओ उवओगो णाणदंसणो होइ।
णाणुवओगो दुविहो सहावणाणं विभावणाणं त्ति॥१०॥
केवलमिंदियरहियं असहायं तं सहावणाणं त्ति।
सण्णादिरवियप्पे विहावणाणं हवे दुविहं।११॥
सण्णाणं चउभेयं मदिसुदओही तहेव मणपज्जं।
अण्णाणं तिवियप्पं मदियहि भेददो चेव॥१२॥
तह दंसणउवओगो ससहावेदरवियप्पदो दुविहो।
केवलमिंदियरहियं असहायं तं सहावमिदि भणिदं॥१३॥
चक्खु-अचक्खु ओही तिण्णि वि भणिदं विभावदिच्छित्ति॥१४॥

स्वभावज्ञानम्.....कार्यकारणरूपेण द्विविधं भवति। कार्यं तावत् सकलविमलकेवलज्ञानम्। तस्स कारणं परमपारिणामिकभावस्थितत्रिकालनिरुपाधिरुपं सहजज्ञानं स्यात्। १०। स्वभावोपि द्विविधः कारणस्वभावः कार्यस्वभावश्चेति। तत्र कारणं दृष्टिः सदा पावनरूपस्य औदयिकादिचतुर्णां विभावस्वभावपरभावानामगोचरस्य सहजपरमपारिणामिकभावस्वभावस्य कारणसमयसारस्वरूपस्य.....खलु स्वरूपश्रद्धानमात्रमेव। अन्या कार्यदृष्टिः दर्शनज्ञानावरणीयप्रमुखघातिकर्मक्षयेण जातैव।१३।

उन नौ आगमों में जो वाचना, पृच्छना, प्रतीच्छना, परिवर्तना, अनुप्रेक्षणा, स्तव, स्तुति, धर्मकथा, तथा और भी इनको आदि लेकर जो अन्य है वे उपयोग है।

जीवो उवओगमओ अत्थि। उवओगो णाणदंसणाइं अत्थि। णाणोवओगो दोपकारा - सहावणाणं विहावणाणं य। जो णवरि इंदियरहिदं असहायं य अत्थि, सो सहावणाणं अत्थि। तत्थ सहावणाणं एव कज्ज-कारणरुवेहिं दोपकाराणं संति। कज्जसहावणाणं सकलं विमलं य केवलणाणं अत्थि। तस्स य जो कारणं परमपारणामिगभावेण ठिदं त्तिकाल-णिरुवाहिग-सहजणाणं अत्थि, सो कारणसहावणाणं अत्थि। सम्मत्तणाणं मिच्छाणाणं य विहावो दोपकारा संति। सम्मत्तणाणं चदुभेदा- मइ, सुद, अवहि, मणपज्जयं अण्णाणमइ-आदीणं भेयेहिं त्तिभेदा। तेण पकारेण दंसणोवओगो सहावविहावाणं भेयेण दोपकारा संति- जो णवरिं इंदियरहिदं असहायं य। सो सहावदंसणोवओगो कहइ, सो एव पि दोपकारा-कारणसहावो कज्जसहावो य। तत्थ कारणसहाव-दिट्ठिदंसणं दु सदा पावणरुवं ओदयिगादि-चदुविहावसहाव-परभावाणं अगोयरं, इत्थं सहज-परमपारणामिगरुवं जस्स सहावो अत्थि, जो कारणसमयसारसरुवं अत्थि, इत्थं अप्पणो समीचीणसरुवं सद्धा मत्तमेव अत्थि।

उपयोग के स्वभाव विभाव रूप भेद व लक्षण- जीव उपयोगमयी है। उपयोग ज्ञान और दर्शन है। ज्ञानोपयोग दो प्रकार है। स्वभाव ज्ञान और विभाव ज्ञान। जो केवल इंदियरहित और असहाय है वह स्वभाव ज्ञान है। तहाँ स्वभावज्ञान ही कार्य और कारण रूप से दो प्रकार का है। कार्य स्वभावज्ञान तो सकल विमल केवलज्ञान है। और उसका जो कारण परमपारणामिक भाव से स्थित त्रिकाल निरूपाधिक सहज ज्ञान है, वह कारण स्वभाव ज्ञान है। सम्यग्ज्ञान और मिथ्याज्ञान रूप भेद किये जाने पर विभाव ज्ञान दो प्रकार है। सम्यग्ज्ञान चार भेद वाला है - मति, श्रुत, अवधि, मन:पर्यय और अज्ञानमति आदि के भेद से तीन भेद वाला है। उसी प्रकार दर्शनोपयोग स्वभाव और विभाव के भेद से दो प्रकार है जो केवल इंदिय रहित और असहाय है। वह स्वभाव दर्शनोपयोग कहा है वह भी दो प्रकार है कारण स्वभाव और कार्य स्वभाव है।

तहाँ कारण स्वभाव दृष्टि दर्शन तो सदा पावनरूप और औदयिकादि चार विभाव और स्वभाव परभावों के अगोचर ऐसा सहज सहज परम पारणामिक रूप जिसका स्वभाव है , जो कारण समयसार स्वरूप है, ऐसे आत्मा के यथार्थ स्वरूप श्रद्धान मात्र ही है।

बीओ कज्जदिट्ठि–दंसणावरण–णाणावरणादि–घादिकम्माणं खयेण उप्पज्जइ। चक्खु, अचक्खु ओही य एआइं त्तिविहावदंसणाइं कहिदाइं।

३. उवओगस्स भेयो – (णाण–दंसणावओगा) –

उवओगो दुवियप्पो दंसण णाणं च दंसणं चदुधा।
चक्खु अचक्खु ओही दंसणमध केवलं णेयं।।

सो उवओगो दोपकारस्स अत्थि– णाणोवओगो दंसणोवओगो य। णाणोवओगो अट्ठपकाराणं दंसणोवओगो य चदुपकाराणं संति।

स उपयोगो द्विविधः –ज्ञानोपयोगो दर्शनोपयोगश्चेति। ज्ञानोपयोगोऽष्टभेदः – मतिज्ञानं श्रुतज्ञानमवधिज्ञानं मनःपर्ययज्ञानं केवलज्ञानं मत्यज्ञानं श्रुताज्ञानं विभङ्गज्ञानं चेति। दर्शनोपयोगश्चतुर्विधः – चक्षुदर्शनमचक्षुर्दर्शनमवधिदर्शनं केवलदर्शनं चेति। तयोः कथं भेदः। साकारानाकारभेदात्। साकारं ज्ञानमनाकारं दर्शनमिति। तच्छद्मस्थेषु क्रमेण वर्तते। निरावरणेषु युगपत् पूर्वकालभाविनोऽपि दर्शनाज्ज्ञानस्य प्रागुपन्यासः, **अभ्यर्द्वित्वात्।**

दूसरी कार्यदृष्टि दर्शनावरणीय, ज्ञानवरणीयादि घातिकर्मों के क्षय से उत्पन्न होती है चक्षु, अचक्षु और अवधि ये तीन विभाव दर्शन कहे गये है।

उपयोग के भेद– (ज्ञान–दर्शनोपयोग)

उवओगो दुवियप्पो दंसण णाणं च दंसणं चदुधा।
चक्खु अचक्खु ओही दंसणमध केवलं णेयं।। द्रव्यसंग्रह १/२

वह उपयोग दो प्रकार का है ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। ज्ञानोपयोग आठ प्रकार का है और दर्शनोपयोग चार प्रकार है।

स उपयोगो द्विविधः –ज्ञानोपयोगो दर्शनोपयोगश्चेति। ज्ञानोपयोगोऽष्टभेदः – मतिज्ञानं श्रुतज्ञानमवधिज्ञानं मनःपर्ययज्ञानं केवलज्ञानं मत्यज्ञानं श्रुताज्ञानं विभङ्गज्ञानं चेति। दर्शनोपयोगश्चतुर्विधः – चक्षुदर्शनमचक्षुर्दर्शनमवधिदर्शनं केवलदर्शनं चेति। तयोः कथं भेदः। साकारानाकारभेदात्। साकारं ज्ञानमनाकारं दर्शनमिति। तच्छद्मस्थेषु क्रमेण वर्तते। निरावरणेषु युगपत् पूर्वकालभाविनोऽपि दर्शनाज्ज्ञानस्य प्रागुपन्यासः, अभ्यर्द्वित्वात्।[५]

सो उवओगो दोपकारस्स अत्थि- णाणोवओगो दंसणोवओगो य। णाणोवओगो अट्ठपकारस्स - मदिणाणं, सुदणाणं, ओहीणाणं, मणपज्जयणाणं, केवलणाणं, कुमदिणाणं, कुसुदणाणं, कुओहीणाणं य। दंसणोवओगो चदुपकारस्स- चक्खुदंसणं, अचक्खुदंसणं, ओहीदंसणं, केवलदंसणं य। दंसणोवओगो अणायारो णाणोवओगो य सायारो अत्थि। विसेसणाणं सायारो उवओगो। सत्ता अवलोकणं मत्तं णिरायारो उवओगो। वत्थूए विसेसं ण जाणिदूणं सामण्णं सत्ताए अवलोकणं दंसणं अत्थि, विसेसं जाणणं णाणं अत्थि। छदुमत्थाणं पढमं दंसणं हवइ, तदणंतरं णाणं हवइ, परंतु णिरावरण-अरिहंत-सिद्ध-संयोगकेवलीणं णाणोवओगो दंसणोवओगो जुगवं हवंति।

४. णाणोवओगो-

णाणसद्दो संसकयवाकरणे ज्ञा-धातुए णिप्पण्णं ल्युट् पत्तये सदि (णपुंसकत्ते सदि) णाणसद्दस्स उप्पज्जइ। एतस्स अत्थो अत्थि- जाणणं। सम्मत्तणाणस्स एव णाणसण्णा अत्थि।

जानाति ज्ञायतेऽनेन ज्ञप्तिमात्रं वा ज्ञानम्॥

वह उपयोग दो प्रकार है - ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। ज्ञानोपयोग आठ प्रकार का है - मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान, कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, कु-अवधिज्ञान। दर्शनोपयोग चार प्रकार का है- चक्षु, अचक्षु, अवधि, केवल। दर्शनोपयोग अनाकार है और ज्ञानोपयोग साकार है। विशेष ज्ञान को साकार उपयोग कहते है, और सत्ता अवलोकन मात्र को निराकार उपयोग कहते है। अर्थात् वस्तु के विशेष को न जानकर सामान्य सत्ता का अवलोकन दर्शन है और विशेष को जानना ज्ञान है। छद्मस्थों के प्रथम दर्शन और तदनन्तर ज्ञान होता है पश्रनतु निरवरण अर्हत्, सिद्ध, और संयोगकेवलियों के ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग एक साथ होते हैं।

ज्ञानोपयोग

ज्ञान शब्द ज्ञा धातु से निष्पन्न ल्युट् प्रत्यय(नपुंसकत्व में होने से) ज्ञान शब्द की उत्पत्ति होती है। इसका अर्थ है जानना। सम्यक्ज्ञान की ही ज्ञान संज्ञा है।

जानाति ज्ञायतेऽनेन ज्ञप्तिमात्रं वा ज्ञानम्॥

जो जाणइ, सो णाणं (कत्तासाहणं), जेण जाणइ सो णाणं अत्थि (करणसाहणं), जाणणं मत्तं णाणं अत्थि (भावसाहणं)

एवंभूतनय-वक्तव्यवशात् ज्ञानदर्शनपर्यायपरिणतात्मैव ज्ञानं दर्शनं च तत्स्वभाव्यात्।

एवंभूदणयस्स दिट्ठीए णाणकिरियाए परिणदाप्पा एव णाणं अत्थि, यदोहि सो णाणसहावी अत्थि।

एवंभूदणयो - पज्जायसद्दं तेण सद्देण झुणिदा किरियाकालम्मि एव वायणा एवंभूदणयो अत्थि। यहा- समहिरूढणयस्स अपेक्खाए पुरंदरो सचीपइ य सद्देसु भेये सदि पि णयराणं णासं ण करणस्स समये पि पुरंदरसद्दो इंदस्स अत्थे पयुत्तं हवइ, परंतु एवंभूदणयस्स अपेक्खाए णयराणं नासे सदि एव इंदं पुरंदरो णामेण जाणइ।)

अप्पा णाणसहावी अत्थि। णाणं उवओगस्स एगभेयं लक्खणं वा अत्थि। उवओगो य अप्पणो अणुविहायी अत्थि। सायारोवओगस्स सविकप्पगोवओगस्स णाम एव णाणं अत्थि। बहिचिदपकासस्स, विसेसग्गहणस्स य णाम एव णाणं अत्थि।

जो जानता है वह ज्ञान है(कर्तृसाधन), जिसके द्वारा जाना जाता है वह ज्ञान है (करण साधन), जानना मात्र ज्ञान है (भावसाधन)।

(रा.वा. 1/1/24/9/1, 26/9/12), (ध.१/१,१,११५/३५३/१०) स्या. मं. १६/२१५/२७

एवंभूतनय-वक्तव्यवशात् ज्ञानदर्शनपर्यायपरिणतात्मैव ज्ञानं दर्शनं च तत्स्वभाव्यात्।

एवंभूत नय की दृष्टि में ज्ञानक्रिया में परिणत आत्मा ही ज्ञान है, क्योंकि वह ज्ञानस्वभावी है। रा.वा. १/१/५/५/१

(**एवंभूत नय**- पर्यायशब्द को उस शब्द से ध्वनित होने वाला क्रियाकाल में ही वाचन मानने वाला एवंभूतनय है। जैसे - समभिरूढ नय की अपेक्षा पुरन्दर और शचीपति (इन शब्दों के अर्थ में) भेद होने पर भी नगरों का नाश न करने के समय भी पुरन्दर शब्द इन्द्र के अर्थ में प्रयुक्त होता है। परन्तु एवंभूतनय की अपेक्षा नगरों का नाश करते समय ही इन्द्र को पुरन्दर नाम से कहा जा सकता है।)

भूतार्थप्रकाशनं ज्ञानम्।

सच्चात्थस्स पकासगो सत्तिविसेसस्स णाम णाणं अत्थि।

सद्भाव-विनिश्चयोपलम्भकं ज्ञानम्।

वत्थुए णिच्चयगो धम्मं णाम णाणं अत्थि।

द्रव्यगुणपयार्याननेन जानातीति ज्ञानम्।

जेण दव्वगुणपज्जायाइं जाणंति तं णाणं अत्थि।

सम्यगवैपरीत्येन विद्यतेऽवगम्यते वस्तुस्वरूप मनयेति संवित्।।

जेण यथत्थरीदीए वत्थुं जाणदि सो संवित् (णाणं) इदि अत्थि।

णाणावरणकम्मस्स खयोवसमेण खयेण वा उप्पण्णाप्पणो सविकप्पवापारो परिणदिं वा णाणोवओगो इदि कहइ।

णाणं अट्ठवियप्पं मदिसुदओही-अणाणणाणी।
मणपज्जयकेवलमवि पच्चक्ख परोक्खभेयं च।।

आत्मा ज्ञानस्वभावी है। ज्ञान उपयोग का एक भेद अथवा लक्षण है। और उपयोग आत्मा का अनुविधायी है। साकरोपयोग या सविल्पक उपयोग का नाम ही ज्ञान है। बाह्य चित्प्रकाश का तथा विशेष ग्रहण का नाम ही ज्ञान है।

भूतार्थप्रकाशनं ज्ञानम्।

सत्यार्थ का प्रकाश करने वाली शक्ति विशेष का नाम ज्ञान है।

सद्भाव-विनिश्चयोपलम्भकं ज्ञानम्।

वस्तु का निश्चय करने वाले धर्म को ज्ञान कहते हैं।

द्रव्यगुणपयार्याननेन जानातीति ज्ञानम्।

जिसके द्वारा द्रव्य, गुण और पर्यायों को जानते हैं वह ज्ञान है।

ध. १/१,४/१४२/३ पं. ७/२,१,३/७/२

सम्यगवैपरीत्येन विद्यतेऽवगम्यते वस्तुस्वरूप मनयेति संवित्।।

जिससे यथार्थ रीति से वस्तु जानी जाये उसे संवित् (ज्ञान) कहते हैं।

ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम या क्षय से उत्पन्न आत्मा के सविकल्प व्यापार वा परिणति को **ज्ञानोपयोग** कहते है।

णाणं अट्ठवियप्पं मदिसुदओही-अणाणणाणी।
मणपज्जयकेवलमवि पच्चक्ख परोक्खभेयं च।। द्र.स.

णाणं अट्ठवियप्पं – मइणाणं, सुदणाणं, ओहीणाणं, कुमइणाणं, कुसुदणाणं, कु-ओहीणाणं, मणपज्जयणाणं, केवलणाणं य। जे अट्ठप्रकारस्स णाणं एव परोक्खपच्चक्खभेयेण दोपमाणरुवं अत्थि। मइणाणं, सुदणाणं, कुमइणाणं, कुसुदणाणं परोक्खपमाणं, ओहीणाणं, विभंगणाणं, मणपज्जयणाणं केवलणाणं य पच्चक्खपमाणरुवं अत्थि। जेसु कुमइणाणं, कुसुदणाणं, विभंगणाणं य मिच्छाणाणं, सेसो य सम्मत्तणाणं।

पमाणं-

णाणं होदि पमाणं।।

णाणमेव पमाणं अत्थि।

प्रमिणोति प्रमीयतेऽनेन प्रमितिमात्रं वा प्रमाणम्।

जो सम्मत्तरुवेण मण्णइ (कत्तासाहणं), येण सम्मत्तरुवेण मण्णइ (करणसाहणं), पमिदि वा मत्तं (भावसाहणं) पमाणं अत्थि।

प्रमीयतेऽनेन प्रमाणम्।।

ज्ञान आठ प्रकार का है- मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, कु-अवधिज्ञान(विभंगज्ञान), मन:पर्ययज्ञान, केवलज्ञान। ये आठ प्रकार का ज्ञान ही परोक्ष और प्रत्यक्ष के भेद दो प्रमाण रूप है। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान परोक्षप्रमाण और अवधिज्ञान, विभंगज्ञान, मन:पर्ययज्ञान और केवलज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण रूप है। जिसमें से कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, कु-अवधिज्ञान ये तीनों मिथ्याज्ञान है शेष सम्यग्ज्ञान है।

प्रमाण-

णाणं होदि पमाणं।।

ज्ञान ही प्रमाण है। ति.प./१/८३

प्रमिणोति प्रमीयतेऽनेन प्रमितिमात्रं वा प्रमाणम्।

जो अच्छी तरह मान करता है(कर्तृसाधन), जिसके द्वारा अच्छी तरह मान किया जाता है(करण साधन), या प्रमिति मात्र (भावसाधन) प्रमाण है।

स.सि./१/१०/९८/२ रा.वा./१/१०/१४९//१३

प्रमीयतेऽनेन प्रमाणम्।।

जेण पयत्थाणं णाणं हवइ, तं पमाणं अत्थि।

स्वपूर्वार्थ-व्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्॥

सवस्स अपुव्वस्स (पुव्वे यस्स णिच्चयं ण हवदि इत्थं) य पयत्थाणं णिच्चयात्तगो णाणं पमाणं अत्थि।

स्वपरव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्॥

सवपरवियवसायिणाणं पमाणं अत्थि।

स्वपरविभागेनावस्थिते विश्वं विकल्पस्तदाकारावभासनम्। यस्तु मुकुरुहृदयाभाग इव युगपदवभासमानस्वपराकारार्थ-विकल्पस्तद्ज्ञानम्॥

सवपराणं विभागपुव्वगं अवट्ठिदं विस्स अत्थो अत्थि। तस्स आयाराणं अवभासणं विकप्पं अत्थि। दप्पणस्स य णिजवित्थारस्स समाणं जम्मि एगमेव सह सवपरायारं अवभासिदं हवंति, इत्थं अत्थो विकप्पणाणं अत्थि।

तस्यात्स्वपरावभासनसमर्थं सविकल्पकमगृहीतग्राहकं सम्यग्ज्ञानमेवाज्ञानमर्थे निवर्तयत्प्रमाणमित्यार्हतं मतम्॥

जिसके द्वारा पदार्थ जाना जाता है वह प्रमाण है।

क.पा./१/१,१/२७/३७/६ आ.प./९ स.म./२८/३०७/१८ न्या.दी./१/१०/११

स्वपूर्वार्थ-व्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्॥

स्व व अपूर्व (पहिले से जिसका निश्चय न हो ऐसे) पदार्थ का निश्चय कराने वाला ज्ञान प्रमाण है। **प.मु./१/१**

स्वपरव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्॥

स्व-पर व्यवसायी ज्ञान को प्रमाण कहते हैं। **प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार**

स्व पर के विभागपूर्वक अवस्थित विश्व अर्थ है। उसके आकारों का अवभासन विकल्प है। और दर्पण के निज विस्तार की भाँति जिसमें एक ही साथ स्व-पराकार अवभासित होते हैं, ऐसा अर्थ विकल्प ज्ञान है।

प.ध./पू./५४१ पं.ध./उ./३९१,८३७

तस्यात्स्वपरावभासनसमर्थं सविकल्पकमगृहीतग्राहकं सम्यग्ज्ञानमेवाज्ञानमर्थे निवर्तयत्प्रमाणमित्यार्हतं मतम्॥

उत्तविसयेण सपट्टं हवइ जं सवपराणं पकासगो सविकप्पगं अपुव्वत्थग्गाही य सम्मत्तणाणं एव पयत्थाणं अण्णाणं दूरकरणे समत्थो अत्थि। तं तमेव पमाणं अत्थि।

तत् प्रमाणे॥

तं पमाण दोपकारस्स। परोक्खपमाणं पच्चक्खपमाणं य।

परोक्खपमाणं – पमाणस्स भेयेसु परोक्खं पि एगं अत्थि। इंदियेहिं वियारेहिं य जो किंचि णाणं हवइ, तं परोक्खपमाणं अत्थि। छदुमत्थाणं पयत्थविण्णाणाणं एगमत्तं तमेव साहणं अत्थि। सुमरं, तक्कं, अणुमाणं इच्चेवादीओ अणेगाओ एताअ रुवाइं संति। जइपि अविसद–इंदियादीहिं उप्पण्णस्स कारणं परोक्खं इदि कहीअ, परंतु इदं अपमाणं णत्थि, यदोहि एतेण पयत्थाणं णिच्चयं उत्तियं एव दढ हवइ, जित्तियं पच्चक्खेण।

जं परदो विण्णाणं तं तु परोक्ख त्ति भणिदमट्ठेसु॥

परेण जो पयत्थसंबंधीविण्णाणं अत्थि, तं परोक्खं अत्थि।

अत: यही निष्कर्ष निकला कि अपने तथा पर का प्रकाश करने वाला सविकल्पक और अपूर्वार्थग्राही सम्यग्ज्ञान ही पदार्थों के अज्ञान को दूर करने में समर्थ है। इसलिये वही प्रमाण है।

तत् प्रमाणे॥ त.सू./१/१०

वह प्रमाण दो प्रकार का है।

परोक्ष प्रमाण और प्रत्यक्ष प्रमाण।

परोक्ष प्रमाण– प्रमाण के भेदों में से परोक्ष भी एक है। इन्द्रियों व विचारणा द्वारा जो कुछ भी जाना जाता है, वह सब परोक्ष प्रमाण है। छद्मस्थों को पदार्थ विज्ञान के लिये एकमात्र यही साधन है। स्मृति, तर्क, अनुमान आदि अनेकों इसके रूप है। यद्यपि अविशद व इन्द्रियों आदि से होने के कारण इसे परोक्ष कहा गया है, परन्तु यह अप्रमाण नहीं है, क्योंकि इसके द्वारा पदार्थ का निश्चय उतना ही दृढ होता है, जितना कि प्रत्यक्ष के द्वारा।

जं परदो विण्णाणं तं तु परोक्ख त्ति भणिदमट्ठेसु॥प्र.सा./मू./५८

पर के द्वारा होने वाला जो पदार्थ सम्बन्धी विज्ञान है, वह परोक्ष कहा गया है।

उपात्तानुपात्तपरप्राधान्यादवगमः परोक्षम्। उपात्तानीन्द्रियाणि मनश्च, अनुपात्तं प्रकाशोपदेशादि परः तत्प्राधान्यादवगमः परोक्षम्।....तथा मतिश्रुतावरणक्षयोपशमे सति ज्ञस्वभावस्यात्मनः स्वमेवार्थनुपलब्धुमसर्थस्य पूर्वोक्तप्रत्ययप्रधानं ज्ञानं परायत्तत्वात्तदुभयं परोक्षमित्युच्ये।

उपात्त-इंदियाइं मणं य अणुपात्त-पकास-उवदेसादीओ परं। परस्स पहाणदाए जं णाणं हवइ तं णाणं परोक्खं। तहा मइणाणावरणस्स सुदणाणावरणस्स य खयोवसमे सदि णाणसहावं परंतु सयं पयत्थाणं उग्गाहाय असमत्थ-अप्पणो पुव्वोत्तं पत्तयाणं पहाणदाए उप्पण्णं णाणं पराहीणत्तो परोक्खं।

विशदं प्रत्यक्षम्। परोक्षमितरत्।

अविशदं परोक्षम्।

अविसदं णाणं परोक्खं। अविसदपडिभासं परोक्खं त्ति कहइ। जस्स णाणस्स पडिभासं विसदं णत्थि, तं परोक्खपमाणं अत्थि। अविसदत्तं असपट्टदां कहइ।

परोक्खणाणस्स भेयं -

आद्ये परोक्षम्।

आदीणं दोणाणाइं, मइणाणं सुदणाणं य परोक्खपमाणं संति।

उपात्त-इन्द्रियाँ और मन तथा अनुपात्त-प्रकाश उपदेशादि पर है। पर की प्रधानता से होने वाला ज्ञान परोक्ष है। तथा उसी प्रकार मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरण का क्षयोपशम होने पर ज्ञस्वभाव परन्तु स्वयं पदार्थों को ग्रहण करने के लिये असमर्थ हुये आत्मा के पूर्वोक्त प्रत्ययों की प्रधानता से उत्पन्न होने वाला ज्ञान पराधीन होने से परोक्ष है। **रा.वा./१/११/६/५२/२४**

(विशदं प्रत्यक्षम्। परोक्षमितरत्।) अविशदं परोक्षम्। प.मु./३/१

अविशद ज्ञान परोक्ष है। अविशद प्रतिभास को परोक्ष कहते हैं। जिस ज्ञान का प्रतिभास विशद नहीं है वह परोक्षप्रमाण है। अविशदता अस्पष्टता को कहते हैं।

न्या.दी./३/१/५१/१

परोक्षज्ञान के भेद-

आद्ये परोक्षम्।

आदि के दो ज्ञान अर्थात् मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्ष प्रमाण है। त.सू./१/११

शेषचतुष्टयं परोक्षमिति।

सेसं कुमइणाणं, कुसुदणाणं, मइणाणं, सुदणाणं य एते चदुपरोक्खं।

मइणाणं – इंदियणाणस्स एव 'मइ अहिणिबोहं वा' इयं सण्णा अत्थि। इदं दंसणपुव्वगं अवग्गहस्स, ईहाए, अवायस्स धारणाए य कमेण उप्पज्जइ। चउत्थाणं एव उप्पण्णस्स णियमो ण। एगं, दो, त्ति पि हविदूणं छुट्टिदुं सक्कंति। धारणाए पच्छा कमेण सुमरदि, पत्तहिणाणं, तक्कं य वात्ति वा णाणं उप्पज्जंति। एतेसिं सव्वेसिं पि मइणाणं सण्णा। धारणाए पुव्वणाणाइं पंचेंदियाणं णिमित्तेण, तत्तो य अग्गस्स णाणाइं मणस्स णिमित्तेण हवंति। तक्कस्स पच्छा अणुमाणं आगच्छइ, जो सुदणाणे समाहिदं। एगो, अणेगो, धुवं, अधुवं आदी–बारसपकाराणं अत्था एतस्स मइणाणस्स विसयेण इदं अणेगपकारस्स हवंति।

इन्द्रियैर्मनसा च यथासमर्थो मन्यते अनया मनुते मननमात्रं वा मतिः।

इंदियमणेहिं यहाजोग्गं पयत्थो जो मणणं करइ (कत्तासाहणं), जेहिं मणणं करित्ता (करणसाहणं), मणणमत्तं वा (भावसाहणं) मइ भणदि।

शेषचतुष्टयं परोक्षमिति।

शेष कुमति, कुश्रुत, मति और श्रुतज्ञान ये चार परोक्ष है। **द्र.स./टी./५/१५/२**

मतिज्ञान– इन्द्रियज्ञान की ही 'मति या अभिनिबोध' यह संज्ञा है। यह दर्शनपूर्वक अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा के क्रम से उत्पन्न होता है। चारों के ही उत्पन्न होने का नियम नहीं है। एक, दो या तीन भी होकर छूट सकते हैं। धारणा के पश्चात् क्रम से स्मृति, प्रत्यभिज्ञान और तर्क या व्याप्ति ज्ञान उत्पन्न होता है। इस सबों की भी मतिज्ञान संज्ञा है। धारणा के पहले वाले ज्ञान पंचेन्द्रियों के निमित्त से और उससे आगे के ज्ञान मन के निमित्त से होते हैं। तर्क के पश्चात् अनुमान का नम्बर आता है जो श्रुतज्ञान में गर्भित है। एक, अनेक, ध्रुव, अध्रुव आदि १२ प्रकार के अर्थ इस मतिज्ञान के विषय होने से यह अनेक प्रकार का हो जाता है।

इन्द्रियैर्मनसा च यथासमर्थो मन्यते अनया मनुते मननमात्रं वा मतिः।

इन्द्रिय और मन के द्वारा यथायोग्य पदार्थ जो मनन करता है(कर्तृ साधन), जिसके द्वारा मनन किये जाते हैं(करण साधन), या मनन मात्र(भाव साधन) मति कहलाता है।**स.सि./१/९/९३/११**

अहिमुहणियमिय बोहणमाभिणिबोहियमणिंदि-इंदियजं।.....

मणेंदियाणं सहायेण उप्पण्णं, अहिमुह-णियमिदपयत्थाणं य बोहस्स आहिणिबोहिगणाणं भणइ।

पञ्चभिरिन्द्रर्यमनसा च यदर्थग्रहणं तन्मतिज्ञानम्।

पंचेंदियमणेहिं जो पयत्थाणं उग्गहदि, तं मइणाणं अत्थि।

इंदियणाइंदिएहि सद्द-रस-परिसरूवगंधादिविसएसु ओग्गह-ईहावाय-धारणाओ मदिणाणं।

इंदियमणाणं णिमित्तेण सद्दो, रसो, फासो, रुवं, गंधं य इदि विसयेसु अवग्गह-ईहा-अवाय-धारणारुवं जो णाणं हवइ, तं मइणाणं होदि।

यत्तदावरणक्षयोपशमादिन्द्रियानिन्द्रियावलम्बनाय मूर्तामूर्तद्रव्यं विकलं विशेषणावबुध्यते, तदाभिनिबोधिकज्ञानम्।

आभिनिबोधिकं मतिज्ञानम्। मइणाणावरणस्स खयोवसमेण, इंदियमणाणं य अवलंबणेण मुत्तामुत्तदव्वाणं विकलं (एगदेसरुवेण) विसेसत्तो

अहिमुहणियमिय बोहणमाभिणिबोहियमणिंदि-इंदियजं।.....

मन और इन्द्रिय की सहायता से उत्पन्न होने वाले, अभिमुख और नियमित पदार्थ के बोध को आभिनिबोधिक ज्ञान कहते हैं। **पं.स./१/२१४**

पञ्चभिरिन्द्रर्यमनसा च यदर्थग्रहणं तन्मतिज्ञानम्।

पाँच इन्द्रियों और मन से जो पदार्थ का ग्रहण करता है, वह मतिज्ञान है।

ध.१/१/,१,११५/३५४/१

इंदियणाइंदिएहि सद्द-रस-परिसरूवगंधादिविसएसु ओग्गह-ईहावाय-धारणाओ मदिणाणं। क.पा./१/१०१/२८/४२/४

इन्द्रिय और मन के निमित्त से शब्द रस, स्पर्श, रूप और गन्धादि विषयों में अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणारूप जो ज्ञान होता है, वह मतिज्ञान है।

यत्तदावरणक्षयोपशमादिन्द्रियानिन्द्रियावलम्बनाय मूर्तामूर्तद्रव्यं विकलं विशेषणावबुध्यते, तदाभिनिबोधिकज्ञानम्।

पं.का./त.प्र./४१

आभिनिबोधिकं मतिज्ञानम्। मतिज्ञानावरण के क्षयोपशम से और इन्द्रिय मन के अवलम्बन से मूर्त और अमूर्त द्रव्य का विकल अर्थात् एकदेश रूप से विशेषत:

(सांववहारिगपच्चक्खरुवेण) जो अवबोहदि, तं अहिणिबोहिगणाणं हवए। आहिणिबोहिगं एव मइणाणं इदि भणदे।

मइ, सुमरदि आदीणं एगत्थदा -

मतिस्मृतिसंज्ञाचिंताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्।

मइ, सुमरदि, सण्णा, चिंता, अहिणिबोहं य इदि अणत्थांतरं। वित्थारेण उत्तं -

१. मइ - इदं णाणं इंदियमणेहिं उप्पज्जइ, वट्टमाणकालस्स य विसयं हवइ।

२. सुमरदि - इदं पुव्वाणुभूदवत्थुं सुमरइ, अतो जादिसुमरणं णाणं सुमरदिणाणं अत्थि।

३. सण्णा - पुव्वाणुभूदो वट्टमाणे य अणुभवं पच्चक्खवत्थुं य णिरक्खिदूणं जो णाणं हवइ, तं सण्णा णामगं मइणाणं कहदि। एअं णाणं पत्तहिणाणं पि कहइ।

४. चिंता - यस्स सदि जो हवइ, यस्स वा ण सदि ण हवइ, एतस्स पकारस्स णाणं चिंता तक्कं वा हवइ। यहा- अग्गीअ सदि एव धूमं हवइ, अग्गीए विणा ण।

(सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष रूप से) जो अवबोध करता है, वह अभिनिबोधिक ज्ञान है। आभिनिबोधिक को ही मतिज्ञान कहते है।

मति, स्मृति आदि की एकार्थता-

मतिस्मृतिसंज्ञाचिंताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्।

त.सू./१/१३

१. मति- यह ज्ञान इन्द्रिय और मन से उत्पन्न होता है तथा वर्तमान काल का विषय करता है।

२. स्मृति- यह पूर्वानुभूत वस्तु का स्मरण कराता है अतः जातिस्मरण ज्ञान स्मृतिज्ञान है।

३. संज्ञा- पूर्वानुभूत और वर्तमान में अनुभव या प्रत्यक्ष वस्तु को देखकर जो ज्ञान होता है वह संज्ञा नामक मतिज्ञान कहलाता है। इस ज्ञान को प्रत्यभिज्ञान भी कहते हैं।

४. चिंता- जिसके होने पर जो होता है वा जिसके नहीं होने पर नहीं होता है इस प्रकार के ज्ञान को चिंता या तर्क कहते हैं। जैसे अग्नि के होने पर ही धुँआ होता है, अग्नि के बिना नहीं।

५. अहिणिबोहं - चिंताए तक्कणाए वा पच्छा जो णाणं हवइ, तं अहिणिबोहं हवइ। यहा- यत्थ अग्गि अत्थि, यदोहि धूमं अत्थि, इत्थं साहणेण जो साहस्स णाणं अहिणिबोहं अणुमाणं वा भणदि।

मइ, सुमरदि, सण्णा, चिंता, अहिणिबोहं य एताणं मइणाणस्स पज्जायवायी संति। जइपि एताणं सद्दाणं पकिदि विउपत्ति वा पुह-पुह संति, ता पि रूढीए एते पज्जायवायी संति। जहा- इंदो, सक्को, पुरंदरो वा। एतेसु जइपि इंदण-आदि किरियाणं अपेक्खाए भेयो अत्थि। ता पि एते सव्वे एगा सचीपईए वायगाओ सण्णाओ संति। किंतु एते मइ-आदि मइणाणावरणकम्मस्स खयोवसमरुवं णिमित्तेण उप्पण्णं उवओगं उल्लंघणं ण करंति, अयं अत्थो अत्थ विवक्खिदं अत्थि। अहवा पइये इदि सद्दो पकारत्थवायी अत्थि, जस्स अणुसारेण अयं अत्थं हवइ, जं एतेण पकारेण एते मइ-आदि मइणाणस्स पज्जायवायीसद्दा संति। अहवा पइये मइसद्दो अहिहेयवायी अत्थि, जस्स अणुसारेण अयं अत्थं हवइ, जं मइ, सुमरइ, सण्णा, चिंता, अहिणिबोहं एतस्स जो अत्थं कहइ, सो एगो एव।

---

५. अभिनिबोध- चिंता वा तर्कणा के बाद जो ज्ञान होता है वह अभिनिबोध है। जैसे- यहाँ अग्नि है क्योंकि धुँआ है ऐसा साधन से होने वाले साध्य के ज्ञान को अभिनिबोध या अनुमान कहते हैं।

मति, स्मृति, संज्ञा, चिंता, अभिनिबोध ये मतिज्ञान के पर्यायवाची है। यद्यपि इन शब्दों को प्रकृति या व्युत्पत्ति अलग-अलग है, तो भी रूढ़ि से ये पर्यायवाची है। जैसे- इन्द्र, शक्र, पुरन्दर। इनमें यद्यपि इन्दन आदि क्रियाओं की अपेक्षा भेद है तो भी ये सब एक शचीपति की वाचक संज्ञायें हैं। अब यदि समभिरूढ़ नय की अपेक्षा इन शब्दों का में भी पाया जाता है। किन्तु ये मति आदि मतिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशमरूप निमित्त से उत्पन्न हुये उपयोग को उल्लंघन नहीं करते हैं, यह अर्थ यहाँ पर विवक्षित है। अथवा प्रकृत में इति शब्छ प्रकारार्थवाची है, जिसके अनुसार यह अर्थ होता है कि इस प्रकार ये मति आदि मतिज्ञान के पर्यायवाची शब्द है। अथवा प्रकृत में मति शब्द अभिधेयवाची है, जिसके अनुसार यह अर्थ होता कि मति, स्मृति, संज्ञा, चिंता, अभिनिबोध इनके द्वारा जो अर्थ कहा जाता है, वह एक ही है।

मइणाणस्स भेय-पभेयाइं -

१. अवग्गहो, ईहा, अवायो, धारणा य। अवग्गो दोपकारस्स- वीण्जणावग्गहो अत्थावग्गहो य। पइएगस्स बारस-बारसभेया - बहु, बहुविहं, खिप्पं, अणिस्सिदं, अणुत्तं, अधुवं, एगो, एगविहं, अखिप्पं, णिस्सिदं, उत्तं, धुवं य। वीण्जणावग्गहो चदुपकारस्स- फासं, रसणा, घाणं, कण्णं य। अत्थावग्गहो छट्ठपकारस्स- फासं, रसणा, घाणं, चक्खु, कण्णं, मणं। एतेण पकारेण मइणाणस्स सम्पुण्णं ३३६ भेया संति।

२. मइ, सुमरदि, सण्णा (पत्तहिणाणं), चिंता(तक्कं), अहिणिबोहं य एताइं सव्वाइं पज्जायवायी णामाइं संति।

३. मइणाणस्स त्तिपकारो- उवलद्धि, भावणा उवओगो य।

४. सवसंवेदणणाणं, इंदियणाणं, सुमरणं, पत्तहिणाणं, तक्कं, सवत्थाणुमाणं, बुद्धि, मेहा आदीओ सव्वाओ मइणाणस्स पकाराइं संति।

५. तं मइणाणं अवग्गहादीणं भेयेण, अहवा वरकोट्ठबुद्धि, बीजबुद्धि,

---

मतिज्ञान के भेद-प्रभेद-

१. अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा। अवग्रह दो प्रकार का है- व्यंजनावग्रह और अर्थावग्रह। प्रत्येक के बारह-बारह भेद- बहु, बहुविध, क्षिप्र, अनि:सृत, अनुक्त, अध्रुव, एक, एकविध, अक्षिप्र, नि:सृत, उक्त, ध्रुव। व्यंजनावग्रह चार प्रकार का- स्पर्शन, रसना, घ्राण, श्रोत्र। अर्थावग्रह छ: प्रकार का - स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र, मन। इस प्रकार से मतिज्ञान के कुल ३३६ भेद हो जाते हैं।

२. मति, स्मृति, संज्ञा(प्रत्यभिज्ञान), चिंता(तर्क), अभिनिबोध ये सब पर्यायवाची नाम है। त.सू./१/१३

३. मतिज्ञान के तीन प्रकार है- उपलब्धि, भावना और उपयोग। पं.का. ता.वृ./ प्रक्षेपक गाथा//४३-१/८५

४. स्वसंवेदनज्ञान, इन्द्रियज्ञान, स्मरण, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, स्वार्थानुमान, बुद्धि, मेधा आदि सब मतिज्ञान के प्रकार है। त.सा./१/१९-२०

५. वह मतिज्ञान अवग्रह आदि के भेद से अथवा वर कोष्ठ बुद्धि, बीजबुद्धि,

पदाणुसारीबुद्धि, सम्भिण्णसोत्तबुद्धि य एआणं चदुरिद्धीणं भेयेहिं चदुपकाराणं संति।

६. सुदणाणं असंखादलोकपमाणं अत्थि। मइणाणं पि इत्तियं एव, यदोहि सुदणाणं मइणाणपुव्वगं हवइ। अहवा कारणस्स भेदेण कज्जस्स भेदं हवइ, अतो एव ते पि असंखात-लोकपमाणं संति।

१. <u>अवग्गहमइणाणं</u> - इंदियणाणं उप्पत्तीए कमे सव्वपढमं इंदियपयत्थाणं सण्णिकस्से सदि जो एगं झलकं मत्तं व्व पदीदिं हवइ, सो अवग्गहो। पच्छा उवओगस्स ठिरदाए कारणेण ईहाए अवायेण य तस्स णिच्चयं हवइ। णाणस्स एताइं त्ति-अंगाइं महावेगेण णीसरस्स कारणेण पायो पदीदिगोयरं ण हवंति।

अवगृह्यते अनेन घटाद्यर्था अवग्रहः।

जेण घटादि-पयत्थाणं जाणिओ, सो अवग्गहो।

विसयविसयीणं संबंधस्स पच्छा पढमं उग्गहं अवग्गहं कहदि। विसयविसयाणं सण्णिपादे सदि दंसणं हवइ। तस्स पच्छा जो पयत्था उग्गहंति, सो अवग्गहो।

पदानुसारी बुद्धि और सम्भिन्नश्रोतृबुद्धि इन चार ऋद्धियों के भेद से चार प्रकार का है। पं.का./ता.वृ./४३-१/८६/३

६. श्रुतज्ञान असंख्यात लोकप्रमाण है। मतिज्ञान भी इतने ही हैं, क्योंकि श्रुतज्ञान मतिज्ञान पूर्वक होता है। अथवा कारण के भेद से क्योंकि कार्य का भेद पाया जाता है, अतएव वे भी असंखात लोकप्रमाण है। ध./१२/४,२,१४,५,/४८०/५

अवग्रह मतिज्ञान- इन्द्रिय ज्ञान को उत्पत्ति के क्रम में सर्व प्रथम इन्द्रिय और पदार्थ का सन्निकर्ष होते ही जो एक झलक मात्र सी प्रतीत होती है, उसे अवग्रह कहते हैं। तत्पश्चात् उपयोग की स्थिरता के कारण ईहा व अवाय के द्वारा उसका निश्चय होता है। ज्ञान के ये तीनों अंग बड़े वेग से बीत जाने के कारण प्रायः प्रतीति गोचर नहीं होते।

अवगृह्यते अनेन घटाद्यर्था अवग्रहः।

जिसके द्वारा घटादि पदार्थ जाने जाते हैं वह अवग्रह है। ध.१३/५,५,३७/२४२/२

विषय और विषयी के संबंध के बाद होने वाले प्रथम ग्रहण को अवग्रह कहते हैं। विषय और विषयों का सन्निपात होने पर दर्शन होता है। उसके पश्चात् जो पदार्थ को ग्रहण होता है वह अवग्रह कहलाता है। **स.सि./१/१५/१११**

इंदियपयत्थाणं संबंधस्स पच्छा उप्पण्णं सामण्णं अवभासं (दंसणं), तदणंतरं, अवांतर-सत्ताजादीए य जुत्तो वत्थुं उग्गहागो णाणविसेसं अवग्गहो इदि भणदि। जहा- अयं पुरिसो अत्थि।

ओग्गहे योदाणे साणे अवलंबणा मेहा।

अवग्गहो, अवहाणं, साणं, अवलंबणा, मेहा य एतस्स अवग्गहस्स पज्जायवायी णामाइं संति।

अवग्गहस्स भेयो -

द्विविधोऽवग्रहो विशदाविशदावग्रहभेदेन।

विसदाविसदावग्गहाणं भेयेण अवग्गहो दोपकारस्स।

१. विसदावग्गहो - णिण्णयरुवं हवित्तं अणियमेण ईहा, अवायो धारणाणाणस्स उप्पत्तीए कारणं अत्थि।

२. अविसदाग्गहो - भासा, आयु, रुवादिविसेसाणं उग्गहं ण करिदूणं ववहारस्स कारणभूदो पुरिसमत्तस्स सत्तादिविसेसं उग्गाहगो अणियमेण य जो ईहा-आदीए उप्पत्तीए कारणं अत्थि, सो अविसदावग्गहो अत्थि।

इन्द्रिय और पदार्थ के सम्बन्ध होने के बाद उत्पन्न हुये सामान्य अवभास(दर्शन), के अनंतर होने वाले और अवान्तर सत्ताजाति से युक्त वस्तु को ग्रहण करने वाले ज्ञानविशेष्ज्ञ को अवग्रह कहते हैं जैसे- 'यह पुरुष है।' **न्या.दी./२/११/३१**

ओग्गहे योदाणे साणे अवलंबणा मेहा।

अवग्रह, अवधान, सान, अवलम्बना और मेधा ये अवग्रह के पयार्यवाची नाम है। **ष.ख./१३/५,५**

अवग्रह के भेद- द्विविधोऽवग्रहो विशदाविशदावग्रहभेदेन।

ध./९/४,१,१४५/१४५/३

विशद अवग्रह और अविशद अवग्रह के भेद से अवग्रह दो प्रकार का है।

विशद अवग्रह- निर्णय रूप होता हुआ अनियम से ईहा, अवाय और धारणा ज्ञान की उत्पत्ति का कारण है।

अविशद अवग्रह- भाषा, आयु व रूपादि विशेषों को ग्रहण न करके व्यवहार के कारण भूत पुरुषमात्र के सत्त्वादि विशेष को ग्रहण करने वाला तथा अनियम से जो ईहा आदि की उत्पत्ति में कारण है वह अविशदावग्रह है।

अवग्गहो दोपकारस्स हवइ- वीण्जणावग्गहो अत्थावग्गहो य।

१. वीण्जणावग्गहो - वयत्तग्गहणेण पुव्वं-पुव्वं वीण्जणावग्गहो हवइ, फासिदूणं जो रस-फास-सद्द-गंधविसयगा उग्गहइ, सो वीण्जणावग्गहो अत्थि। वीण्जणावग्गहो णवरि चदुइंदियेहिं हवइ - फासेंदियं, रसणेंदियं, घाणेंदियं, कण्णेंदियं य।

२. अत्थावग्गहो- विउत्तग्गहणस्स णाम अत्थावग्गहो। अपात्तत्थस्स उग्गहणं, दूरेण य एव जो चक्खु-आदि-इंदियमणेहिं विसयाणं उग्गहंति, सो संखेपेण अत्थावग्गहणाणं जाणणीयं। अत्थावग्गहो पंचेंदियमणेहिं हवइ।

इंदियं - सरीरधारी जीवं णाणाय साहणरुव-फासादिपंचेंदियाइं हवंति। मणं दु ईसद इंदियं मण्णइ। उवरि जो णिरक्खइ, ते बहि-इंदियाइं संति, ते दव्वेंदियं पि संति। एतेसु पि चक्खपटलादि दु तस्स तस्स इंदियस्स उवकरणस्स कारणेण उवकरणं कहइ, अंतेवासी य चक्खुए अप्पपदसेसाणं य रयणाविसेसो णिवित्ति णाम इंदियं अत्थि।

अवग्रह दो प्रकार का होता है- व्यंजनावग्रह और अर्थावग्रह।

व्यंजनावग्रह-व्यक्त ग्रहण से पहिले-पहिले व्यंजनावग्रह होता है, छूकर जो रस, स्पर्श, शब्द और गंध विषयक ग्रहण होता है, वह व्यंजनावग्रह है। व्यंजनावग्रह केवल चार इंद्रियों से होता है- स्पर्शनेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय और श्रोत्रेन्द्रिय।

स.सि. १/१८/११७/६

अर्थावग्रह- व्यक्त ग्रहण का नाम अर्थावग्रह है। अप्राप्त अर्थ के ग्रहण करना और दूर से ही जो चक्षुरादि इन्द्रियों तथा मन के द्वारा विषयों का ग्रहण होता है, उसे संक्षेप से अर्थावग्रहज्ञान जानना चाहिये। अर्थावग्रह पाँच इन्द्रिय और मन से होता है।

स.सि. १/१८/११७/६

इन्द्रिय- शरीरधारी जीव को जानने के साधन रूप स्पर्शनादि पाँच इन्द्रियाँ होती है। मन को ईषत् इन्द्रिय स्वीकार किया गया है। ऊपर दिखाई देनेवाली तो बाह्य इंद्रियाँ हैं। इन्हें द्रव्येन्द्रिय कहते हैं। इनमें भी चक्षुपटलादि तो उस उस इन्द्रिय के उपकरण होने के कारण उपकरण कहलाते हैं, और अंदर में रहने वाला आँख की व आत्म प्रदेशों की रचना विशेष निवृत्ति इन्द्रिय कहलाती है।

यदोहि समीचीणेण जाणस्स कज्जं तेहिं इंदियेहिं हवंति, उवकरणेहिं ण। परंतु एतस्स पच्छा णिवासिदस्स जीवस्स णाणस्स खयोवसमं उवओगो य भावेंदियं अत्थि, जो साक्खा जाणस्स साहणं अत्थि। उवरोत्तं छह-इंदियेसु चक्खुमणाइं सवविसयं फासेण विणा एव जाणदि, तं अपत्तकारी, सेसो इंदियाइं पत्तकारी अत्थि। संयमस्स अपेक्खाए जिह्वा उवत्थो य एआइं इंदियाइं अदिपबलाइं संति। जं य जोगीजणा एतेसिं पुण्णरुवेण णिरोहं करेंति।

१. फासेंदियं - जस्स इंदियस्स मज्झमेण फासिदूणं सीदं-उसहं, कडा-णरम, रुक्खं सिणग्हं, अभारी-भारी य एतस्स अट्ठपकारस्स फासाणं णाणं हवइ, तं फासेंदियं अत्थि।

२. रसणेंदियं - जस्स इंदियस्स मज्झमेण चखिदूणं खट्टा, मीठा, कडवा, चरपरा, कसायला य एतस्स पंचरसाणं णाणं हवइ, तं रसणा इंदियं।

३. घाणेंदियं- जस्स इंदियस्स मज्झमेण घाणिदूणं सुगंधं दुग्गंधं य णाणं हवइ, तं घाणेंदियं।

क्योंकि वास्तव में जानने का काम इन्हीं इन्द्रियों से होता है उपकरणों से नहीं। परन्तु इसके पीछे रहने वाले जीव के ज्ञान का क्षयोपशम व उपयोग भावेन्द्रिय है, जो साक्षात् जानने का साधन है। उपरोक्त छहों इन्द्रियों में चक्षु और मन अपने विषय को स्पर्श किये बिना ही जानती है, इसलिये अप्राप्यकारी है शेष इन्द्रियाँ प्राप्यकारी है। संयम की अपेक्षा जिह्वा व उपस्थ ये दो इन्द्रियाँ अत्यंत प्रबल हैं और इसलिये योगीजन इनका पूर्णतया निरोध करते हैं।

जै.सि.को.भाग प्रथम/पृ.३००

स्पर्शन इन्द्रिय- जिस इंदिय के माध्यम से स्पर्श करके ठंडा-गरम, कडा-नरम, रूखा-चिकना और हल्का-भारी इन आठ प्रकार के स्पर्शों का ज्ञान होता है, वह स्पर्शेन्द्रिय है।

रसना इन्द्रिय- जिस इंद्रिय के माध्यम से चखकर खट्टा, मीठा, कडवा, चरपरा और कसायला इन पाँच रसों का ज्ञान होता है वह रसना इंदिय है।

घ्राण इन्द्रिय- जिस इंद्रिय के माध्यम से सूँघकर सुंगध और दुर्गंध का ज्ञान होता है, वह घ्राणेन्द्रिय है।

४. चक्खु-इंदिय- जस्स इंदियस्स मज्झमेण णिरक्खिदूणं सवेदं, णीलं, पीदं, रत्तं, किसणं य पंचवण्णाणं णाणं हवइ, तं चक्खु इंदियं।

५. कण्णेंदिय - जस्स इंदियस्स मज्झमेण सुणिऊणं णाणं हवइ, तं कण्णेंदियं अत्थि।

मणं (अदींदियं)-

२. ईहा- जइ पि साहारणत्तो पदीदीए ण आगमइ, परंतु इंदियेहिं पयत्थं जाणे कमं आगमइ। पुव्वं अवग्गहो हवइ, पच्छा ईहा आदि। अवग्गहेण उग्गहणं करिदा अदि-असपट्टग्गहणं सपट्टकरणं पइ उवओगस्स उण्मुहदा विसेसं ईहा कहइ।

विसेसो-

१. णेहा संदेहरुवा विचारबुद्धीदो संदेहविणासुवलंभा।

ईहाणाणं संदेहरुवं णत्थि, यदोहि ईहात्तगवियारं बुद्धीए संदेहस्स विणासं हवइ।

२. अविसदावग्गहस्स पच्छा जं णाणं हवइ, सा एव ईहा। इत्थं कोवि एकांतणियमो णत्थि, यदोहि विसदग्गहेण 'अयं पुरिसो अत्थि' एतेण पकारेण उग्गहिदा पयत्थेसु

चक्षु इन्द्रिय- जिस इन्द्रिय के माध्यम से श्वेत, नीला, पीला, लाल और कृष्ण इन पाँच वर्णों का ज्ञान होता है वह चक्षु इन्द्रिय है।

श्रोत्र इन्द्रिय- जिस इन्द्रिय के माध्यम से सुनकर ज्ञान होता है, वह श्रोत्र इन्द्रिय है।

मन (अतीन्द्रिय)-

ईहा- यद्यपि साधारणत: प्रतीति में नहीं आता परन्तु इन्द्रियों द्वारा पदार्थ को जानने में क्रम पड़ता है। पहले अवग्रह होता है, तत्पश्चात् ईहा आदि। अवग्रह द्वारा के द्वारा ग्रहण किये गये अत्यन्त अस्पष्ट ग्रहण को स्पष्ट करने के प्रति उपयोग की उन्मुखता विशेष को ईहा कहते हैं।

विशेष-१. णेहा संदेहरुवा विचारबुद्धीदो संदेहविणासुवलंभा।

ध./६/१,९,१,१४/१७/३

ईहाज्ञान संदेहरूप नहीं है, क्योंकि ईहात्मक विचार बुद्धि से संदेह का विनाश पाया जाता है।

२. अविशद अवग्रह के पीछे होने वाली ही ईहा है, ऐसा कोई एकान्त नियम नहीं है, क्योंकि, विशद अवग्रह के द्वारा 'यह पुरुष है' इस प्रकार ग्रहण किये

पि किं अयं दाक्खिणात्तो अत्थि, उदीच्चो वा अत्थि, एतेण पकारेण संसयं पात्तं णराणं पि ईहाणाणस्स उप्पत्ति उवलद्धं हवइ।

३. अवायो – अवेयते निश्चीयते मीमांसितोऽर्थोऽनेनेत्यवायः।

जेण मीमांसिदो अत्थो 'अवेयते' णिच्चिदं करेइ, सो अवायो।

विशेषनिर्ज्ञानाद्याथात्म्यावगमनमवायः।

विसेसस्स णिण्णयेण जो यथत्थं णाणं हवइ, सो अवायो अत्थि। जहा– उप्पदणं, णिपदणं, पक्ख–विक्खेव आदीहिं 'अयं बको पंत्ति एव अत्थि, पदाआ णत्थि' इत्थं णिच्चयं अवायो अत्थि।

अवायो ववसायो बुद्धी विण्णाणि आउंडी पच्चाउंडी।

अवायो, ववसायो, बुद्धि, विज्जत्ति, आमुण्डा पडि–आमुण्डा एताइं पज्जायाइं णामाइं संति।

४. धारणा– अवेतस्य कालान्तरेऽविस्मरणकारणं धारणा। यथा– सैवेयं बलाका पूर्वाद्धे यामहमद्राक्षमिति।

गये पदार्थ में भी क्या यह दाक्षिणात्य है या उदीच्य है इस प्रकार के संशय को प्राप्त हुये मनुष्य के भी ईहा ज्ञान की उत्पत्ति उपलब्ध होती है।

अवाय– अवेयते निश्चीयते मीमांसितोऽर्थोऽनेनेत्यवायः।

ध./१३/५,५,३९/२४३/३

जिसके द्वारा मीमांसित अर्थ 'अवेयते' अर्थात् निश्चित किया जाता है वह अवाय है।

विशेषनिर्ज्ञानाद्याथात्म्यावगमनमवायः। स.सि./१/१५/१११/६

विशेष के निर्णय द्वारा जो यथार्थ ज्ञान होता है उसे अवाय कहते हैं। जैसे उत्पतन, निपतन, पक्ष–विक्षेप आदि के द्वारा 'यह बक पंक्ति ही है, ध्वजा नहीं' ऐसा निश्चय होना अवाय है।

अवायो ववसायो बुद्धी विण्णाणि आउंडी पच्चाउंडी।

ष.ख./१३/५,५/सू./३९/२४३

अवाय, व्यवसाय, बुद्धि, विज्ञप्ति, आमुण्डा और प्रत्यामुण्डा ये पर्याय नाम है।

धारणा– अवेतस्य कालान्तरेऽविस्मरणकारणं धारणा। यथा– सैवेयं बलाका पूर्वाद्धे यामहमद्राक्षमिति। स.सि./१/१५/१११/७

अवायणाणेण जाणिदा वत्थुं जेण कारणेण कालांतरे विसुमरणं ण हवइ, सा धारणा अत्थि। जहा- इयं सा एव पताआ अत्थि, जो अहं पुव्वं णिरक्खीअ।

धरणी धारणा ट्ठवणा कोट्ठा पदिट्ठा।

धरणी, धारणा, ठापणा, कोट्ठा, पइट्ठा एताइँ एकत्थवायी णामाइँ संति।

अवग्गहो, ईहा, अवायो, धारणा य एताणं चदुमइणाणाणं बारस-बारसविसया संति, ते णिम्णा संति -

(१) बहु, (२)बहुविहं, (३)खिप्पं, (४)अणिस्सिदो, (५)अणुत्तं, (६)अधुवं, (७)एगो, (८)एकविहं, (९)अखिप्पं, (१०)निस्सिदो, (११)उत्तं, (१२)अधुवं य।

१. बहु- बहुसद्दो संखावायी विपुलदावायी य रुवेण उग्गहणीयं। यदोहि एतेसु दोसु कोवि विसेसदा ण संति। संखावायी विपुलदावायी य दोण्णि समाणाइँ संति। जहा- संखावायी एगं, दो, बहु आदीओ। विपुलदावायी जहा- बहुपकारेण ओदणं, बहुपकारेण दाल आदीओ।

अवाय ज्ञान के द्वारा जानी गयी वस्तु का जिस कारण से कालान्तर मं विस्मरण नहीं होता है उसे धारणा कहते हैं। जैसे- यह वही पताका है जिसे मैंने पहले देखा था।

धरणी धारणा ट्ठवणा कोट्ठा पदिट्ठा। ष.ख./१३/५,५/सू./४०/२४३

धरणी धारणा स्थापना कोष्ठा और प्रतिष्ठा ये एकार्थवाची नाम है।

अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा इन चारों मतिज्ञान के १२-१२ विषय हैं, जो कि निम्न हैं-

(१) बहु, (२)बहुविध, (३)क्षिप्र, (४)अनि:सृत, (५)अनुक्त, (६)ध्रुव, (७)एक, (८)एकविध, (९)अक्षिप्र, (१०)नि:सृत, (११)उक्त, और (१२)अध्रुव।

बहु- बहु शब्द संख्यावाची और विपुलतावाची रूप से ग्रहण करना चाहिये। क्योंकि इन दोनों में कोई विशेषता नहीं है। अर्थात् संख्यावाची और वैपुल्यवाची दोनों समान है। जैसे- संख्यावाची एक, दो, बहु आदि। वैपुल्यवाची जैसे- बहुत से भात, बहुत-सी दाल आदि।

२. बहुविहं - विहसद्दो पकारवायी वट्टइ, अतो बहुपकारस्स पयत्था बहुविहं कहइ।

३. खिप्पं - खिप्पस्स उग्गहणं झटिति परिणमणं करइ, तं खिप्पं।

४. अणिस्सिदं - जस्स पयत्थस्स एगदेसं णिरक्खिऊणं सव्वदेसस्स णाणं हवइ, तं अणिस्सिदेण उग्गहीदं अत्थि। जस्स पयत्थस्स पुण्णरुवेण सो एव उदगमं णत्थि, तस्स णाणाय अणिस्सिदं उग्गहीअ।

५. अनुत्तं - वयणेण विणा उत्तं एव अहिपायेण वत्थूए सरुवं उग्गहणं अणुत्तं अत्थि।

६. धुवं - बहुकालपज्जत्तं णिरंतरं वत्थूए सरुवस्स यथत्थं उग्गहणं हवदु, तं धुवग्गहणं कहइ।

७. एगो- एगपयत्थस्स णाणं एगो कहइ।

८. एकविहो - एगपकारस्स पयत्थस्स णाणं एकविहो कहइ।

९. अखिप्पं - चिरकालेण सणियं-सणियं उग्गहणं अक्षिप्पं अत्थि।

बहुविध- विध शब्द प्रकार वाची है अत: बहु प्रकार के पदार्थों को बहुविध कहते हैं।

क्षिप्र- क्षिप्र का ग्रहण शीघ्रता का ज्ञान कराने के लिये है। जिस का ज्ञान शीघ्र होता है वा जो पदार्थ बिजली के समान शीघ्र रूप से परिणमन कर रहा है उसको क्षिप्र कहते हैं।

अनि:सृत-जिस पदार्थ के एकदेश को देखकर सर्वदेश का ज्ञान होता है वह अनि:सृत से गृहीत है। जिस पदार्थ का पूर्ण रूप से वही उद्‌गम नहीं है, उसका ज्ञान कराने के लिये अनि:सृत को ग्रहण किया है।

अनुक्त- वचन से बिना कहे ही अभिप्राय मात्र से वस्तु के स्वरूप को ग्रहण करना अनुक्त है।

ध्रुव- बहुतकाल तक निरंतर वस्तु के स्वरूप का यथार्थ ग्रहण होता रहे उसको ध्रुव ग्रहण कहते हैं।

एक- एक पदार्थ के ज्ञान को एक कहते हैं।

एकविध- एक प्रकार के पदार्थ का ज्ञान एकविध है।

अक्षिप्र- चिरकाल से धीरे-धीरे ग्रहण करना अक्षिप्र है।

१०. णिस्सियो - सव्वरुवेण उदगमपयत्थस्स अवग्गहो णिस्सियो अत्थि।

११. उत्तं - परेसिं वयणाइँ सुणिदूणं जं णाणं हवइ, तं उत्तं होइ।

१२. अधुवं - जस्स णाणं बहुकालपज्जत्तं उग्गहणे समत्थो ण हविदु, तं अधुवं होदि।

एतेण पकारेण बारसपयारस्स अवग्गहो हवदि। एतेण पयारेण ईहाए, अवायस्स, धारणाए य पि बारस-बारसपयारस्स हवंति। अवग्गहस्स ईहाए, अवायस्स धारणाए जोगिदूणं सम्पुण्णं ४८ भेया संति। एते पडिएक्कं ४८ भेया फासादि-पंचेंदियमणेहिं गुणा करणे मइणाणस्स भेया पगटंति।

एते बहु-अवग्गहादि-मइणाणावरणस्स खयोवसमस्स पक्कस्सेण उप्पज्जंति। मइणाणावरणस्स खयोवसमस्स पक्कस्सं छुड्डिदूणं अण्णसुदणाणादीणं पक्कस्सेण ण हवंति। अतो एते मइणाणस्स भेयाइँ संति। तेसु बहु-आदीसु बहु सव्वसेट्ठो अत्थि, अतो सव्वपढमं बहुं उग्गहीअ। एतेण पयारेण बहुविहादीसु पि पुव्वस्स पुव्वस्स णाणं अग्गस्स णाणत्तो सेट्ठो संति, अतो पुव्वस्स पुव्वस्स णाणं सेट्ठे सदि सुत्ते एतस्स कमेण उग्गीअ, यदोहि जो सेट्ठो हवइ, तस्स गहणं पुव्वमेव हवइ।

निःसृत- सम्पूर्ण रूप से उद्गम (बाह्य प्रकट) पदार्थ का अवग्रह निसृत है।

उक्त- दूसरों के वचन को सुनकर जो ज्ञान होता है वह उक्त है।

अध्रुव- जिसका ज्ञान बहुत काल तक ग्रहण न किया जा सके वह अध्रुव है।

इस प्रकार १२ प्रकार का अवग्रह होता है। इसी प्रकार ईहा, अवाय, और धारणा के भी १२-१२ प्रकार की है। अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा के मिलाकर कुल ४८ भेद हो जाते हैं। इन प्रत्येक ४८ भेदों को स्पर्शनादि पाँच इन्द्रिय और मन के द्वारा गुणा करने पर मतिज्ञान के भेद प्रकट होते हैं।

ये बहु अवग्रहादि मतिज्ञानावरण के क्षयोपशम के प्रकर्ष से उत्पन्न होते हैं। मतिज्ञानावरण क्षयोपशम के प्रकर्ष को छोड़कर अन्य श्रुतज्ञानादि के प्रकर्ष से नहीं होते। अतः ये मतिज्ञान के भेद हैं। उन बहु आदि में बहु सर्वश्रेष्ठ है अतः सर्वप्रथम बहु को ग्रहण किया है। इसी प्रकार बहुविध आदि में भी पूर्व पूर्व वाले ज्ञान आगे वाले ज्ञान से श्रेष्ठ हैं अतः पूर्व पूर्व वाले श्रेष्ठ होने से सूत्र में इनका क्रम ग्रहण किया है क्योंकि जो श्रेष्ठ होता है, उसका ग्रहण पूर्व में होता है।

विसेसो - बहु-आदीओ पयत्था संति। ताणं गहणं अवग्गहादीओ णाणेण हवंति- यदोहि खायोवसमिग-णाणीणं णाणं कमेण हवंति। अतो पुव्वसुत्ते अवग्गहादीणं कहणं करीअ। सव्वपढमं अवग्गहो होदि, अवग्गहणाणं समत्थसाली ण हवइ, तत्तो वत्थूए णिण्णओ ण हवइ, तास णिण्णआय जा चेट्ठा हवइ, सा ईहा। तेण णिण्णओ हवइ, सो अवायो अत्थि, तस्स य णिण्णअस्स अविसुमरणं धारणा वट्ठइ। एते चदुणाणाइँ णेयस्स हवंति, ते णेयपयत्था संति। तस्स पयत्थस्स बहु-आदीओ भेदाओ संति। बहुआदीणं णाणं णाणावरणकम्मस्स खयोवसमेण हवइ। एते बहु-आदि-पयत्थाणं आसयं लेदूणं हवंति, अतो णाणस्स पि बहु-आदि भेदाइँ कहंति।

मइणाणस्स विसेसदाओ - १.मइणाणं दंसणपुव्वगं एव हवइ।

२. तं मइणाणं इंदियमणेहिं उप्पज्जइ।

३. मइसुदणाणाणं पवित्ति किंचि पज्जायेहिं जुत्तो सव्वदव्वेसु हवंति।

४. खायोवसमिगे सदि पि मइणाणेण अणंत-अत्थाणं जाणणं संभवो अत्थि।

विशेष- बहु आदि पदार्थ हैं। उनका ग्रहण अवग्रह आदि ज्ञान के द्वारा होता है- क्योंकि क्षायोपशमिक ज्ञानियों का ज्ञान क्रमशः होता है। अतः पूर्व सूत्र में अवग्रह आदि का कथन किया है। सर्व प्रथम अवग्रह होता है, अवग्रहज्ञान कमजोर है, उससे वस्तु का निर्णय नहीं होता है, उस निर्णय के लिये जो चेष्टा होती है वह ईहा है, उससे निर्णय होता है वह अवाय है और उस निर्णय का अविस्मरण धारणा है। ये चारों ज्ञान ज्ञेय के होते हैं, वह ज्ञेय पदार्थ हैं। उस पदार्थ के बहु आदि भेद हैं। बहु आदि का ज्ञान, ज्ञानावरण कर्मों के क्षयोपशम से होता है। ये बहु आदि पदार्थों का आश्रय लेकर होते हैं अतः ज्ञान के भी बहु आदि भेद कहे जाते हैं।

मतिज्ञान की विशेषतायें-

१.मतिज्ञान दर्शनपूर्वक ही होता है। **पं.का./ता.वृ./प्रक्षेपकगाथा/४३-१/८५**

२. वह मतिज्ञान इन्द्रिय और मन से उत्पन्न होता है।**(त.सू.१/१४)**

३. मतिज्ञान और श्रुतज्ञान की प्रवृत्ति कुछ पर्यायों से युक्त सब द्रव्यों में होती है। **त.सू./१/२६**

४. क्षायोपशमिक होने पर भी मतिज्ञान द्वारा अनंत अर्थों का जाना सम्भव है।

५. दव्वदिट्ठीए मइणाणी सव्वदव्वाणं किंचि पज्जाया उवदेसेण जाणदि। एतेण पयारेण उवदेसेण सो सव्वखेत्तं अहवा पडिएक्कं इंदियस्स पडिणियदं खेत्तं जाणिदुं सक्कइ। सव्वकालं सव्व-ओदारिगादिभावा य जाणिदुं सक्कंति।

६. णिव्विकारसुद्धप्पणो अणुभूदीए अहिमुहं जं मइणाणं अत्थि, तं एव उवादेयभूदो अणंतसुखस्स साहगस्स सत्तस्स कारणेण णिच्चयेण उवादेयो अत्थि। ववहारेण य तस्स णाणस्स साहगो जं बहिरंगणाणं अत्थि, सो पि उवादेयो अत्थि।

७. छहदव्वेसु मुत्तदव्वं एव विसयं करेइ। तम्मि पि थूलम्मि पवित्तिं करेइ, सुहुमे ण। थूले पि कोवि एव पवित्तं हवइ, सव्वम्मि ण। तम्मि पि इंदियगाहम्मि एव पवित्तं हवइ, इंदिय-अग्गाहे ण। तम्मि वट्टमाणकालसंबंधीं उग्गहइ, भूदं भविस्सं य ण। तम्मि पि इंदिय-सण्णिकस्सं पावपयत्थं विसयं करेइ, अण्णं दु ण। तम्मि भवग्गह-ईहा-आदीणं कमेण पवित्तं करेंति। इत्तियं एव ण, अपिदु मइणाणावरणस्स वीज्जांतरायस्स खयोवसमं इंदियाणं पुण्णदा, पकास-उवओगादिसव्वकारणाणं सदि एव हवंति, हीणकारणेसु ण।

---

५. द्रव्य की दृष्टि से मतिज्ञानी सभी द्रव्यों की कुछ पर्यायों को उपदेश से जानता है। इसी प्रकार उपदेश द्वारा वह सभी क्षेत्र को अथवा प्रत्येक इन्द्रिय के प्रतिनियत क्षेत्र को जान सकता है। सर्वकाल को व सर्व औदारिकादि भावों को जान सकता है। **रा.वा./१/१९/९/७०/२**

६. निर्विकार शुद्धात्मा की अनुभूति के अभिमुख जो मतिज्ञान है, वही उपादेयभूत अनंत सुख का साधक होने के कारण निश्चय से उपादेय है। और व्यवहार से उस ज्ञान का साधक जो बहिरंग ज्ञान है वह भी उपादेय है। पं.का./ता.वृ./४३/८६/५

७. छहों द्रव्यों में मूर्त द्रव्य को ही विषय करता है उसमें भी स्थूल में प्रवृत्ति करता है सूक्ष्म में नहीं। स्थूलों में भी किन्हीं में ही प्रवृत्त होता है सबमें नहीं। उनमें भी इन्द्रियग्राह्य में ही प्रवृत्त होता है इन्द्रिय अग्राह्य में नहीं। उनमें वर्तमानकाल संबंधी को ग्रहण करता है, भूत भविष्यत् को नहीं। उनमें भी इन्द्रिय सन्निकर्ष को प्राप्त पदार्थ को विषय करता है, अन्य को नहीं। उनमें भवग्रह ईहा आदि के क्रम से प्रवृत्ति करता है। इतना ही नहीं बल्कि मतिज्ञानावरण व वीर्यान्तराय का क्षयोपशम इन्द्रियों की पूर्णता, प्रकाश व उपयोग आदि समस्त कारणोंके होने पर ही होता है, हीन कारणों में नहीं।

एते सव्वकारणाणं सदि पि उवरि-उवरि अहिगं-अहिगं सुद्धीए सदि कदाचि हवइ, सदा ण। तं कहणमत्तं णाणं अत्थि। इंदियणाणं वाकुलदादि-अणेगदोसाणं ठाणं अत्थि, परंतु तं पदेसचलणात्तगो पि हवइ। जइ पि पाइयवेइया सव्वपयारस्स णाणं '**णाण**' कहंति, परंतु समीचीणरुवेण जाव तं णाणं इंदियाहीणं हवइ, ताव तं विकिदं एव अत्थि।

२. कुमइणाणस्स लक्खणं -

विसजंतकूडपंजरबंधादिसु अणुवेदसकरणेण।
जा खलु पवत्तइ मई मइअण्णाण त्ति णं विंति।

परोवदेसेण विणा जो विसं, जंतं, कूडं, पंजरं, बंधं य आदीणं विसये बुद्धि गच्छइ, तं णाणीजणा कुमइणाणं इदि कहइ।

मिथ्यादर्शनादयसहचरिमाभिनिबोधिकज्ञानमेव कुमतिज्ञानम्।

मिच्छादंसणस्स उदयेण सह आहिणिबोहिगणाणं एव कुमइणाणं अत्थि।

३. सुदणाणं - इंदियेहिं विवक्खियं पयत्थस्स उग्गहिदूणं तेण सह संबंधिदो

इस सर्व कारणों के होने पर भी ऊपर-ऊपर अधिक-अधिक शुद्धि होने से कदाचित् होता है सर्वदा नहीं। इसलिये वह कहने मात्र को ही ज्ञान है। इन्द्रिय ज्ञान व्याकुलता आदि अनेक दोषों का तो स्थान है ही, परन्तु वह प्रदेशचलनात्मक भी होता है। यद्यपि प्राकृत या वैकृत सभी प्रकार के ज्ञान 'ज्ञान' कहलाते हैं परन्तु वास्तव में जब तक वह ज्ञान इन्द्रियाधीन होता है, तब तक वह विकृत ही है। **पं.ध./उ./२८६-२८९,३०५,९५३**

कुमतिज्ञान का लक्षण-

विसजंतकूडपंजरबंधादिसु अणुवेदसकरणेण।
जा खलु पवत्तइ मई मइअण्णाण त्ति णं विंति।पं.सं./प्रा./१/११८

परोपदेश के बिना जो विष, यन्त्र,, कूट, पंजर तथा बंध आदि के विषय में बुद्धि प्रवृत्त होती है उसे ज्ञानीजन कुमतिज्ञान कहते हैं।

मिथ्यादर्शनादयसहचरिमाभिनिबोधिकज्ञानमेव कुमतिज्ञानम्।

पंचास्तिकाय/त.प्र./४१

मिथ्यादर्शन के उदय के साथ आभिनिबोधिकज्ञान ही कुमतिज्ञान है।

श्रुतज्ञान- इन्द्रियों द्वारा विवक्षित पदार्थ का ग्रहण करके उससे सम्बन्धित अन्य

अण्णपयत्थं जाणणं, सुदणाणं अत्थि।

तं दोपयारस्स होदि- अत्थलिंगजं सद्दलिंगजं य। पयत्थं जाणिदूणं तम्मि इट्ठदा-अणिट्ठदाणं णाणं अहवा धूमं णिरक्खिदूण अग्गीए णाणं अत्थलिंगजं सुदणाणं अत्थि। वायगसद्दं सुणिदूणं पढिऊणं वा वाच्चस्स णाणं सद्दलिंगजं अत्थि। तं लोगिगं पि हवइ, लोकोत्तरं पि। लोकोत्तर-सुदणाणं बारसांगाइँ, चउदस-पुव्वाइँ आदिरुवेण अणेगपयारस्स संति। पढमं अत्थलिंगजं दु छुद्दजीवत्तो कमेण विद्धिगदिआ रिद्धिधारी मुणिपज्जत्तं हवंति। परंतु बीअं अत्थलिंगजं सद्दलिंगजं य सण्णी पंचेंदियजीवा एव संभवो अत्थि। सुदकेवलीं इदं उक्किट्ठं हवइ।

सुदणाणस्स विउपत्ति अत्थो य - श्रूयते अनेन तत् शृणोति श्रवणमात्रं वा श्रुतम्। श्रुतशब्दोऽयं श्रवणमुपादाय व्युत्पादितोऽपि रूढ़िवशात् कस्मिंश्चिज्ज्ञानविशेषे वर्तते। यथा कुशलवनकर्म प्रतीत्य व्युत्पादितोऽपि कुशलशब्दो रूढ़िवशत्पर्ययवदाते वर्तते। श्रुतज्ञानविषयोऽर्थः श्रुतम्। विशेषेण तर्कणमूहनं वितर्कः श्रुतज्ञानमित्यर्थः।

पदार्थ को जानना श्रुतज्ञान है। वह दो प्रकार का है- अर्थलिंगज एवं शब्दलिंगज। पदार्थ को जानकर उसमें इष्टता अनिष्टता का ज्ञान अथवा धूम को देखकर अग्नि का ज्ञान अर्थलिंगज श्रुतज्ञान है। वाचक शब्द को सुनकर या पढ़कर वाच्य का ज्ञान शब्दलिंगज है। वह लौकिक भी होता है लोकोत्तर भी। लोकोत्तर श्रुतज्ञान १२ अंग, १४ पूर्वों आदि रूप से अनेक प्रकार का है। पहल अर्थलिंगज तो श्रुद्र जीवों से लेकर क्रम से वृद्धिंगत होता हुआ ऋद्धिधारी मुनियों तक को होता है। पर दूसरा अर्थलिंगज व शब्दलिंगज संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों को ही सम्भव है। श्रुतकेवली को यह उत्कृष्ट होता है।

श्रुतज्ञान का व्युत्पत्त्यर्थ-

श्रूयते अनेन तत् शृणोति श्रवणमात्रं वा श्रुतम्। श्रुतशब्दोऽयं श्रवणमुपादाय व्युत्पादितोऽपि रूढ़िवशात् कस्मिंश्चिज्ज्ञानविशेषे वर्तते। यथा कुशलवनकर्म प्रतीत्य व्युत्पादितोऽपि कुशलशब्दो रूढ़िवशत्पर्ययवदाते वर्तते। श्रुतज्ञानविषयोऽर्थः श्रुतम्। विशेषेण तर्कणमूहनं वितर्कः श्रुतज्ञानमित्यर्थः।

स.सि./अ./सू./पू./पं./१/९/९४/१, १/२०/१२०/४, २/२१/१७९/७, ९/४३/४५५/६

पयत्थो जेण सुणिदा, सणइ, सवणमत्तं तं सुदं अत्थि। अयं सुदसद्दो सवणरुवत्थस्स पमुहदाए णिप्पादिअं अत्थि, ता पि रूढीए तस्स वाच्चं कोवि णाणं विसेसो अत्थि। जहा- कुसलसद्दस्स विउपत्ति अत्थो कुसाए छेदणं अत्थि, ता पि रूढीए तस्स अत्थो पज्जवदत्तो, तत्तपरियं अत्थि विमलं मणोज्जं वा उग्गहइ। सुदणाणस्स विसयभूदो अत्थो सुदं अत्थि। विसेसरुवेण तक्कणा करणं ऊहा करणं वा वितक्कं वा सुदणाणं वा कहइ।

सुदणाणस्स विभिण्णायरिअसम्मदा लक्खणं -

१. सद्दसवणस्स पच्छा जो मणस्स एव पहाणदाए अत्थणाणं हवइ, तं सुदं अत्थि।

२. एगं घटं इंदियमणेहिं जाणिदूणं तज्जादीय विभिण्ण-देसकालवत्ती घटाणं संबंध-जादि-आदीणं जं वियारं होदि, तं सुदं अत्थि।

३. सुदणाणं इंदियमणेहिं एगं जीवं जाणिदूणं तस्स संबंधस्स सद-संखादि-अणुयोगेहिं णाणापयारेण परुवणं करणे जो समत्थो होदि, तं सुदणाणं वट्टइ।

४. जम्मि णाणम्मि मइणाणं कारणं होदि, जो मइणाणेण उग्गहित्ता पयत्थं छुडुिऊणं

पदार्थ जिसके द्वारा सुना जाता है, सुनता है या सुनना मात्र वह श्रुत है। यह श्रुत शब्द सुनने रूप अर्थ की मुख्यता से निष्पादित है तो भी रूढ़ि से उसका वाच्य कोई ज्ञान विशेष है। जैसे- कुशल शब्द का व्युत्पत्ति अर्थ कुशा का छेदना है तो भी रूढ़ि से उसका अर्थ पर्यवदात् अर्थात् विमल या मनोज्ञ लिया जाता है। श्रुतज्ञान विषयभूत अर्थ श्रुत है। विशेष रूप से तर्कणा करना अर्थात् ऊहा करना वितर्क अर्थात् श्रुतज्ञान कहलाता है।

श्रुतज्ञान के विभिन्न आचार्यों सम्मत लक्षण-

१. शब्द सुनने के बाद जो मन की ही प्रधानता से अर्थ ज्ञान होता है वह श्रुत है। **रा.वा./१/९/२७,२९/पृ./पं.**

२. एक घड़े को इन्द्रिय और मन से जानकर तज्जातीय विभिन्न देशकालवर्ती घटों के सम्बंध जाति आदि का जो विचार होता है वह श्रुत है। रा.वा./१/९/२७,२९

३. श्रुतज्ञान इंद्रिय और मन के द्वारा एक जीव को जानकर उसके संबंध के सत् संख्या आदि अनुयोगों के द्वारा नाना प्रकार से प्ररूपण करने में जो समर्थ होता है वह श्रुतज्ञान है। **रा.वा./१/९/२७,२९/पृ./पं.**

४. जिस ज्ञान में मतिज्ञान कारण पड़ता है जो मतिज्ञान से ग्रहण किये गये पदार्थ

तं संबंधिदो परपयत्थे वापारं करदि, सुदणाणावरणकम्मस्स य खयोवसमेण उप्पज्जइ, तं सुदणाणं कहइ।

५. जं सुणावणदि, तं सद्दो कहइ। सद्देण उप्पण्णणाणं सुदणाणं भणदि। एतम्मि अत्थम्मि अत्थात्तगं सुदणाणं एव पहाणं हवीअ, अहवा सुदं इत्थं रूढिसद्दो अत्थि।

६. सुदणाणावरणकम्म खयोवसमे सदि णाणापयत्थाणं समीचीणसरुवस्स णिच्चयागो असपट्ठणाणं सुदं भणदि।

७. सव्वं पि अणेयतं परोक्ख-रूवेण जं पयासेदि।
तं सुयणाणं भण्णदि ससयपहुदीहि परिचत्तं।।

जो परोक्खरूवेण सव्ववत्थूओ अणेकांतरुवेण पगटदि, संसयो, विवरीओ य आदीहिं रहिदं तं णाणं सुदणाणं भणदि

सुदणाणस्स भेया - सुदणाणस्स अक्खरात्तगो अणक्खरात्तगो य दोभेया।

१. अक्खरात्तगो - वायगसद्दो परेण वाच्चत्थस्स गहणं अक्खरात्तगं सुदं अत्थि।

को छोड़कर तत्संबंधित दूसरे पदार्थ में व्यापार करता है, और श्रुतज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न होता है उसे श्रुतज्ञान कहते हैं। ध./१/१,१,२/९३/५

५. जो सुना जाता है उसको शब्द कहते हैं, शब्द से उत्पन्न ज्ञान को श्रुतज्ञान कहते हैं। इस अर्थ में अर्थात्मक श्रुतज्ञान ही प्रधान हुआ, अथवा श्रुत ऐसा रूढ़ि शब्द है। गो.जी./जी.प्र./३१५/६७३,१६

६. श्रुतज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम होने पर नाना पदार्थों के समीचीन स्वरूप का निश्चय कर सकने वाले अस्पष्ट ज्ञान को श्रुत कहते हैं। अन.ध./३/५

७. सव्वं पि अणेयतं परोक्ख-रूवेण जं पयासेदि।
तं सुयणाणं भण्णदि ससयपहुदीहि परिचत्तं।। का.अ./मू./२६२
जो परोक्ष रूप से सब वस्तुओं को अनेकान्त रूप दर्शाता है, संशय, विपर्यय आदि से रहित उस ज्ञान को श्रुतज्ञान कहते हैं।

श्रुतज्ञान के भेद- श्रुतज्ञान के अक्षरात्मक और अनरात्मक के भेद से दो प्रकार है।

अक्षरात्मक- वाचक शब्द पर से वाच्यार्थ का ग्रहण अक्षरात्मक श्रुत है।

२. अणक्खरात्तगो – सीतादिफासे इट्ठाणिट्ठाणं हवइ, अणक्खरात्तगं सुदं अत्थि। सुदणाणं सद्दलिंगजं अत्थलिंगजं दोपयारस्स।

१. सद्दलिंगजं सुदणाणं – सद्दलिंगजं सद्दणाणं दोपयारस्स।

१. लोगिगसद्दलिंगजं– सामाण्णपुरिसस्स मुहेण णिस्सिदं वयणं समुदायेण जं णाणं उप्पज्जइ, तं लोगिगसद्दलिंगजं सुदणाणं अत्थि।

२. लोकोत्तरसद्दलिंगजं – असच्चवयणाणं कारणेहिं रहिदं पुरिसस्स मुहेण णिस्सिदं समुदायेण जं सुदणाणं उप्पज्जदि, तं लोकोत्तरसद्दलिंगजं सुदणाणं अत्थि।

लोकोत्तरसद्दलिंगजस्स भेयो –

श्रुतं द्व्यनेकद्वादशभेदम्।।

सुदणाणस्स दो, बारस अणेगभेया यु संति।

श्रुतज्ञान के दो भेद– अङ्गबाह्यमङ्गप्रविष्टिमिति।

अंगबाहिर अंगपविट्ठं वा।

१. अंगं – अंगसुदं इदं गुणणाम अत्थि, यदोहि, जो त्तिकालस्स सव्वदव्वाइँ

अनक्षरात्मक– शीतादि स्पर्श में इष्टानिष्ट का होना अनक्षरात्मक श्रुत है।

गो.जी./जी.प्र./३१६/६७६/३

श्रुतज्ञान शब्दलिंगज और अर्थलिंगज के भेद से दो प्रकार का है।

शब्दलिंगज श्रुतज्ञान– शब्दलिंगज शब्दज्ञान दो प्रकार से है–

लौकिक शब्दलिंगज– सामान्य पुरुष के मुख से निकल हुये वचन समुदाय से जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह लौकिक शब्दलिंगज श्रुतज्ञान है।

लोकोत्तर शब्दलिंगज– असत्य बोलने के कारणों से रहित पुरुष्ा के मुख से निकले हुये वचन समुदाय से जो श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है वह लोकोत्तर शब्द लिंगज श्रुतज्ञान है।

लोकोत्तर शब्दलिंगज के भेद–

श्रुतं द्व्यनेकद्वादशभेदम्।। त.सू./१/२०

श्रुतज्ञान के दो, बारह और अनेक भेद है।

दो भेद– अङ्गबाह्यमङ्गप्रविष्टिमिति। स.सि./१/२०/१२३/२

अंगबाह्य और अंगप्रविष्ट।

अंग– अंगश्रुत यह गुणनाम है, क्योंकि, जो तीनों काल की समस्त द्रव्य वा

पज्जायाइँ अंगदि पावइ वा वात्तिदि वा तं अंगं अत्थि।
अहवा मज्झमपदेहिं जो लिखइ, तं अंगं कहइ। अहवा सव्वसुदस्स एगं-एगं आचारादिरुवं अवयवांगं कहइ। इत्थं अंगसद्दस्स णिरुत्ति अत्थि।
१. अंगपविट्ठं - आचारांगादि बारसपयारस्स णाणं अंगपविट्ठं कहइ।
२. अंगबाहिर - गणहरदेवस्स सिस्स-पसिस्सेहिं अल्पायु-बुद्धि-बलधारग-जीवाणं अणुग्गहाय अंगाणं आधारेण रचिदं सक्खित्तगंथो अंगबाहिर अत्थि।
अंगपविट्ठस्स भेयो - अंगपविट्ठस्स बारसभेया संति -
(१) आचारांगं, (२) सुत्तकिदांगं, (३) ठाणांगं, (४) समवायांगं, (५) वाखयापण्णत्ति अंगं, (६) णाहधम्मकहांगं, (७) उवासगाज्झवयणांगं, (८) अंतकिददसांगं, (९) अणुत्तरोवपादिगदसा, (१०) पसिणवाकरणांगं, (११) विपायसुत्तं, (१२) दिट्ठिवादं य।
१. आचारांगं - चरियाए विहाणं, अट्ठसुद्धीओ, पंचसमीदीओ, त्तिगुत्तीओ य इदि आदिरुवेण वण्णंति।

पर्यायों को अङ्गति अर्थात् प्राप्त होता है, या व्याप्त होता है वह अंग है।
ध.९/४,१,४५/१९६/९
अथवा मध्यम पदों के द्वारा जो लिखा जाता है वह अंग कहलाता है। अथवा समस्त श्रुत के एक-एक आचारादि रूप अवयव अंग कहते हैं। ऐसे अंग शब्द की निरुक्ति है।
अंगप्रविष्ट- आचारांग आदि १२ प्रकार का ज्ञान अंगप्रविष्ट कहलाता है।
अंगबाह्य- गणधर देव के शिष्य-प्रशिष्यों द्वारा अल्पायु-बुद्धि बलवाले प्राणियों के अनुग्रह के लिये अंगों के आधार से रचे गये संक्षिप्त ग्रन्थ अंगबाह्य है।
अंगप्रविष्ट के भेद- अंगप्रविष्ट के बारह भेद है-
(१) आचारांग, (२) सूत्रकृतांग, (३) स्थानांग, (४) समवायांग (५) व्याख्याप्रज्ञप्ति अंग, (६) ज्ञातृधर्मकथांग, (७) उपासकाध्ययनांग, (८) अन्तकृद्दशांग, (९) अनुत्तरोपपादिकदश, (१०) प्रश्नव्याकरणांग, (११) विपाकसूत्र और (१२) दृष्टिवाद। **स.सि./१/२०/१२३/३**
आचारांग- चर्या का विधान, आठ शुद्धि, पाँच समिति, तीन गुप्ति आदि रूप से वर्णित होती है।

२. सुत्तकिदांगं – णाणं विणयं, किं कल्पं? किं अकल्पं? छेदोट्ठापणादीओ, ववहारधम्मस्स किरियाणं णिरूवणं संति।

३. ठाणांगं – एगं-एगं दो-दो आदीणं रुवेण अत्थाणं वण्णं संति।

४. समवायांगं – सव्वाणं पयत्थाणं समाणदारुवेण समवायस्स वियारं करीअ। जहा- धम्म-अधम्म-लोकाकास-एगजीवाणं तुल्लं असंखादपदेसाणं सदि एतस्स दव्वरुवेण समवायं भणदि। (एतेण पयारेण जहाजोग्गं खेत्तकालभावाणं समवायं जाणणं।)

५. वाखयापण्णत्ति – जीवमत्थि ण वा, आदीओ ६० सहस्स पसिणाणं उत्तरमत्थि।

६. णाहधम्मकहा – अणेग-आखाण-उपाखाणाणं णिरुवणं अत्थि।

७. उवासगाज्झवयणं – सावगधम्मस्स विसेसविवेयणं अत्थि।

८. अंतकिददसांगं – पडिक्क तिथ्ययरस्स समयम्मि जो जो दस-दस अंतकिदकेवलीओ हवीअ, जे कठिण-उवसग्गाणं सहिऊणं मुत्तिं पावीअ।

९. अणुत्तरोवपादिगदसा – पडिक्क तिथ्ययरस्स समयम्मि जो दस-दस मुणीणं वण्णं अत्थि, जे दारुण-उवसग्गाणं सहिदूणं पंचाणुत्तरविमाणेसु जम्म पावीअ।

सूत्रकृतांग- ज्ञान-विनय, क्या कल्प्य है? क्या अकल्प्य है? छेदोपस्थापनादि, व्यवहारधर्म की क्रियाओं का निरूपण है।

स्थानांग- एक-एक दो-दो आदि के रूप से अर्थों का वर्णन है।

समवायांग- सब पदार्थों की समानता रूप से समवाय का विचार किया गया है। जैसे धर्म-अधर्म लोकाकाश और एक जीव के तुल्य असंख्यात प्रदेश होने से इनका द्रव्यरूप से समवाय कहा जाता है। (इसी प्रकार से यथायोग्य क्षेत्र, काल, भाव का समवाय जानना)

व्याख्याप्रज्ञप्ति- जीव है कि नहीं, आदि साठ हजार प्रश्नों के उत्तर है।

ज्ञातृधर्म कथा- अनेक आख्यान और उपाख्यानों का निरूपण है।

उपासकाध्ययन- श्रावकधर्म का विशेष विवेचन है।

अन्तकृद्दशा- प्रत्येक तीर्थंकर के समय में होने वाले उन दश-दश अन्तकृत् केवलियों का वर्णन है जिनने भयंकर उपसर्गों को सहकर मुक्ति प्राप्त की।

अनुत्तरोपपादिकदशा- प्रत्येक तीर्थंकर के समय में होने वाले उन दश-दश मुनियों का वर्णन है जिनने दारुण उपसर्गों को सहकर पाँच अनुत्तर विमानों में

१०. पिसण-वाकारणं - युत्तिणयेहिं अणेगाक्खेपविक्खेपरुवाइँ पसिणाणं उत्तरं पदासी।

११. विपाअसुत्तं - पुण्णस्स पावस्स विपाअस्स वियारं अत्थि।

१२. दिट्ठिवादं - एतम्मि ३६३ मदाणं णिरुवणपुव्वगं खण्डणं अत्थि।

दिट्ठिवादस्स पंचभेया - (१) परिकम्मं, सुत्तं, पढमाणुओगं, पुव्वगदं, चूलिआ य।

१. परिकम्मं - परिकम्मस्स पंचभेयाइँ संति -

१. चंद्दपण्णत्ति - चंद्दस्स आयुणो, परिवारस्स, रिद्धीए, गईए, बिम्बस्स य अवगाहणा आदीणं वण्णंति।

२. सूरयपण्णत्ति - सूरयस्स आयुणो, भोगस्स, उवभोगस्स, परिवारस्स, रिद्धीए, गईए, बिम्बस्स य अवगाहणा आदीणं वण्णंति।

३. जम्बूद्वीपपण्णत्ति - जम्बूद्वीपत्थ-भोयभूमि-कम्मभूमीसु उप्पण्णं णाणा पयारस्स णरा अण्णतिरियादीणं पव्वदं, णदी आदीणं वण्णंति।

जन्म लिया।

प्रश्न व्याकरण- युक्ति और नयों के द्वारा अनेक आक्षेप और विक्षेप रूप प्रश्नों का उत्तर दिया गया है।

विपाकसूत्र- पुण्य और पाप के विपाक का विचार है।

दृष्टिवाद- इसमें ३६३ मतों के निरूपण पूर्वक खण्डन है।

रा.वा./१/२०/१२/-७२/२८से७४/९ तक

दृष्टिवाद के पाँच भेद- (१) परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका।

स.सि./१/२०/१२३/५

परिकर्म- परिकर्म के पाँच भेद है-

१. चन्द्र प्रज्ञप्ति- चन्द्रमा की आयु, परिवार, ऋद्धि, गति और बिम्ब की ऊँचाई आदि का वर्णन करता है।

२. सूर्य प्रज्ञप्ति- सूर्य की आयु, भोग, उपभोग, परिवार, ऋद्धि, गति बिम्ब की ऊँचाई आदि का वर्णन करता है।

३. जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति- जम्बूद्वीपस्थ भोगभूमि और कर्मभूमि में उत्पन्न हुये नाना प्रकार के मनुष्य तथा दूसरे तिर्यंच आदि का पर्वत, द्रह, नदी आदि का वर्णन

४. द्वीपसायरपण्णत्ति – द्वीपसायराणं पमाणस्स द्वीपसायरस्स य अंतरभूदं णाणापयारस्स अण्णपयत्थाणं वण्णंति।

५. वक्खापण्णत्ति – पुग्गलो, धम्मो, अधम्मो, आकासं, कालो, भव्वसिद्धो, अभव्वसिद्धो य एताणं जीवाणं वण्णंति।

२. सूत्तं – जीवो अबंधगो एव अत्थि, अवलेपगो एव अत्थि, अकत्ता एव अत्थि, अभोत्ता एव अत्थि, इच्चेवादिरुवेण ३६३ मदाणं पुव्वपक्खरुवेण वण्णंति।

३. पढमाणुओगो – पुराणाणं वण्णंति।

पुव्वगदस्स चउदसभेया– उप्पादपुव्वं, अग्गायणीयं, वीरियाणुवादं, अत्थिणत्थि पवादं, णाणपवादं, सच्चपवादं, अप्पपवादं, कम्मपवादं, पडिक्खाणणामधेयं, विज्जाणुवादं, कल्लाणणामधेयं, पाणावायो, किरियाविसालं, लोकबिंदुसारो।

१. उप्पादपुव्वं – जीवपोग्गलाणं जत्थ जदो जहा उप्पज्जइ, सव्वेसिं वण्णं संति।

२. अग्गायणीपुव्वं – किरियावादादीओ पकिरिया ससमयस्स य विसयो विवेचिदं

करता है।

४. द्वीपसागर प्रज्ञप्ति– द्वीप और समुद्रों के प्रमाण का तथा द्वीपसागर के अन्तर्भूत नाना प्रकार के दूसरे पदार्थों का वर्णन करता है।

५. व्याख्या प्रज्ञप्ति– पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल भव्यसिद्ध और अभव्यसिद्ध जीव इन सबका वर्णन करता है।

सूत्र– जीव अबन्धक ही है, अवलेपक ही है, अकर्ता ही है, अभोक्ता ही है, इत्यादि रूप से ३६३ मतों का पूर्वपक्ष रूप से वर्णन करता है। ध./१/१,१,२/१०९–१११/४

प्रथमानुयोग– पुराणों का वर्णन करता है।

पूर्वगत के १४ भेद– उत्पादपर्व, अग्रायणीय, वीर्यानुवाद, अस्तिनास्ति प्रवाद, ज्ञानप्रवाद, सत्यप्रवाद, आत्मप्रवाद, कर्मप्रवाद, प्रत्याख्याननामधेय, विद्यानुवाद, कल्याणनामधेय, प्राणावाय, क्रियाविशाल, और लोकबिन्दुसार। स.सि./१/२०/१२६/६

१. उत्पादपूर्व– जीव पुद्गलादि का जहाँ जब जैसा उत्पाद होता है उस सबका वर्णन है।

२. अग्रायणी पूर्व– क्रियावाद आदि की प्रक्रिया और स्वसमय का विषय

अत्थि। अग्गायणीपुव्वस्स पंचभेया- आणुपुव्वी, णाम, पमाणं, वक्खाणदा, अत्थाहियारो य।

३. वीरियपवादं- छदुमत्थाणं केवलीणं सत्तीए, सुरेण्द्स्स, असुरेण्द्स्स य आदीणं रिद्धीणं, णरेंद्राणं चक्कवत्तीणं, बलदेवाणं आदीणं सामत्थ दव्वाणं लक्खणादीणं णिरुवणं अत्थि।

४. अत्थिणत्थिपवादं - पंचात्थिकायाणं णयाणं अत्थि-णत्थि आदि अणेगपज्जायेहिं विवेयणं अत्थि।

५. णाणं पवादं - पंचणाणाणं इंदियाणं य विभागादीणं णिरुवणं अत्थि।

६. सच्चपवादं - वयणगुत्ति, वयणसंसआरस्स कारणं, वयणपयोगो बारसपयाराणं भासाओ, दसपयारस्स सच्चं, वत्ताए पयारं आदीणं वित्थारेण वण्णणं अत्थि।

७. अप्प-पवादं - अप्पदव्वस्स छहजीवणिकायाणं य अत्थि-णत्थि आदी विविहभंगेहिं णिरुवणं अत्थि।

८. कम्मपवादं - कम्माणं बंधोदयं, उवसमादिदसाणं ठिदि-आदीणं य वण्णणं अत्थि।

विवेचित है।अग्रायणी पूर्व के पाँच भेद- आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता, अर्थाधिकार।

वीर्यप्रवाद- छद्मस्थ और केवली की शक्ति, सुरेन्द्र, असुरेन्द्र आदि की ऋद्धियाँ, नरेन्द्र, चक्रवर्ती, बलदेव आदि की सामर्थ्य द्रव्यों का लक्षण आदि का निरूपण है।

अस्तिनास्तिवाद- पाँचों अस्तिकायों का और नयों का अस्ति-नास्ति आदि अनेक पर्यायों द्वारा विवेचन है।

ज्ञानप्रवाद- पाँचों ज्ञानों औश्र इन्द्रियों का विभाग आदि निरूपण है।

सत्यप्रवाद- वाग्गुप्ति, वचन संस्कार के कारण, वचन प्रयोग बारह प्रकार की भाषायें, दस प्रकार के सत्य, वक्ता के प्रकार आदि का विस्तार से वर्णन है।

आत्मप्रवाद- आत्मद्रव्य का और छह जीव निकायों का अस्ति-नास्ति आदि विविध भंगों से निरूपण है।

कर्मप्रवाद- कर्मों की बंध उदय, उपशम आदि दशाओं का और स्थिति आदि का वर्णन है।

९. पच्चक्खाण पवादं – वय–णियमाणं, पडिक्कमणं, तवं, आराहणा आदीओ मुणित्ते कारणं दव्वाणं चागं आदीणं विवेयणं अत्थि।

१०. विज्जाणुवादं – सव्वविज्जाओ अट्ठमहाणिमित्तं, रज्जूरासिविहं, खेत्तं, सेणी, लोकपइट्ठा, समुदघादो आदीणं विवेयणं अत्थि।

११. कल्लाणपवादं – सूरिय–चंद्द–गिह–णक्खत्त–तारागणाणं चदुखेत्तं, उवपाददुाणं, गइ, वक्कगइ, ताणं फलाणं य पक्खीणं सद्दाणं, अरिहंताणं (तिथ्ययर–बलदेव–वासुदेव–चक्कवत्ती–आदीणं) गब्भावतारादीओ महाकल्लाणकाणं वण्णणं अत्थि।

१२. पाणावायो – सरीरचिकित्सादीओ अट्ठांगाइँ, आयुरवेदं, भूदिकम्मं, जांगुलिकक्कम्मं (विसविज्जा), पाणायामं य इच्चेवादीणं भेयपभेयाणं वित्थारेण वण्णणं अत्थि।

१३. किरियाविज्जाणं – लेहणकलादि–बहत्तरकलाणं,
इत्थीसंबंधीचोसठगुणाणं, सिल्पकलाणं, काव्वसंबंधीगुणदोसविहीणं,
छंदणिम्माणंकलाणं य वण्णणं अत्थि।

प्रत्याख्यान प्रवाद– व्रत–नियम, प्रतिक्रमण, तप, आराधना आदि तथा मुनित्व में कारण द्रव्यों के त्याग आदि का विवेचन है।

विद्यानुवाद– समस्त विद्यायें आठ महा निमित्त, रज्जुराशिविध, क्षेत्र, श्रेणी, लोक प्रतिष्ठा, समुद्घात आदि का विवेचन है।

कल्याणवाद– सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह, नक्षत्र और तारागणों के चार क्षेत्र, उपपादस्थान, गति, वक्रगति तथा उनके फलों का, पक्षी के शब्दों का और अरिहंत अर्थात् तीर्थंकर, बलदेव, वासुदेव और चक्रवर्ती आदि के गर्भावतार आदि महाकल्याणकों का वर्णन है।

प्राणावाय– शरीर चिकित्सा आदि अष्टांग आयुर्वेद, भूतिकर्म, जांगुलिकक्रम (विषविद्या) और प्राणायाम के भेद–प्रभेदों का विस्तार से वर्णन है।

क्रिया विज्ञान– लेखन कला आदि बहत्तर कलाओं का, स्त्री संबंधी चौसठ गुणों का, शिल्पकला का, काव्य संबंधी गुण–दोष विधि का और छंद निर्माण कला का वर्णन है।

१४. लोकबिंदुसारो - अट्ठववहारस्स, चउबीजस्स, रासिपरिकम्मस्स य आदीणं गणिदं सव्वसुदसम्पत्तीणं य वण्णणं अत्थि।

४. चूलिआए पंचभेया - जलगदा थलगदा आकासगदा रुवगदा मायागदा य।

१. जलगदा- जले गमणं, जलथंबणस्स कारणं भूदमंत्त-तंत्ताइँ, तवच्चरियारुवं अइसयादीणं वण्णइ।

२. थलगदा- भूमीए अंतरो गमणस्स कारणभूदमंत्त-तंत्ताणं, तवच्चरणे चकिदादीणं वत्थुविज्जा य भूमिसंबंधी अण्णसुहासुहकारणाणं वण्णइ।

३. मायागदा- इंदजालादीणं कारणभूदमंत्त-तवच्चरणाणं वण्णइ।

४. रुवगदा - सिंह-घुड्डु-हरिणादीणं सरुवस्स आयाररुवेण परिणमणस्स कारणभूदो मंत्त-तंत्ताणं, तवच्चरणस्स, चित्त-कट्ठ-लेप्प-लेणकम्मादीणं लक्खणस्स वण्णइ।

५. आकासगदा - आकासे गमणस्स कारणभूदो मंत्त-तंत्ताणं तवच्चरणस्स वण्णइ।

लोकबिन्दुसार- आठ व्यवहार, चार बीज, राशि परिकर्म आदि गणित तथा समस्त श्रुत सम्पत्ति का वर्णन है। **रा.वा./१/२०/१२/-७४/११से ७८/२**

चूलिका के पाँच भेद- जलगता, स्थलगता, आकाशगता, रूपगता और मायागता। **ह.पु./१०/१२३**

१. जलगता- जल में गमन, जलस्तम्भन के कारण भूत मंत्र-तंत्र और तपश्चर्या रूप अतिशय आदि का वर्णन करती है।

२. स्थलगता- पृथिवी के भीतर गमन करने के कारणभूत मंत्र, तंत्र ओर तपश्चरण प आश्चर्य आदि का तथा वास्तु विद्या और भूमि संबंधी दूसरे शुभ-अशुभ कारणों का वर्णन करती है।

३. मायागता- इन्द्रजाल आदि के कारणभूत मंत्र और तपश्चरण का वर्णन करती है।

४. रूपगता- सिंह, घोडा और हरिण आदि के स्वरूप के आकार रूप से परिणमन करने के कारणभूत मंत्र-तंत्र और तपश्चरण तथा चित्र-काष्ठ-लेप्य-लेन कर्म आदि के लक्षण का वर्णन करती है।

५. आकाशगता- आकाश में गमन करने के कारणभूत मंत्र, तंत्र ओर तपश्चरण का वर्णन करती है।**ध./१/१,१,२/११३/२**

अंगबाहिरस्स भेयो – कालिअस्स, उक्कालिअस्स य भेयेण अगंबाहिर अणेगपयारस्स अत्थि।

१. कालिओ – सवाज्झायकालम्मि जस्स पठण–पाठणस्स णियमो अत्थि, सो कालिओ कहइ।

२. उक्कालिओ – यस्स पठण–पाठणाणं कोवि णियदं समयं णत्थि, सो उक्कालिओ अत्थि।

अंगबाहिरस्स भेयो–

१. सामायियं – अंगबाहिर समदाभावस्स विहाणं वण्णइ।

२. चउबीस थवं – चउबीसतिथ्ययराणं वंदणाकरणस्स विहि, तस्स णाम, संठाणं, उत्सेहो, पंचकल्लाणकं, चउतीस अइसयाणं सरुवं, तिथ्ययराणं वंदणाए सफलदाए वण्णइ।

३. वंदणा – एक्कजिणेण्द्देवसंबंधी तस्स एक्कजिणेण्द्देवस्स अवलंबणेण पडिक्कमणं, जिणालयसंबंधी वंदणाए वण्णइ। सत्तपयारस्स पडिक्कमणाणं वण्णइ।

४. वेणयिओ– पंचपयारस्स विणयाणं वण्णइ।

अंगबाह्य के भेद– कालिक, उत्कालिक के भेद से अंगबाह्य अनेक प्रकार के हैं।

कालिक– स्वाध्याय काल में जिनके पठन–पाठन का नियम है उन्हें कालिक कहते हैं।

उत्कालिक– जिनके पठन पाठन का कोई नियत समय न हो वे उत्कालिक हैं।

रा.वा./१/२०/१४/७८/६

अंगबाह्य के भेद–

सामायिक– अंगबाह्य समात भाव के विधान का वर्णन करता है।

चतुर्विंशति स्तव– चौबीस तीर्थंकरों की वंदना करने की विधि, उनके नाम, संस्थान, उत्सेध, पाँच महाकल्याणक, चौंतीस अतिशयों के स्वरूप और तीर्थंकरों की वंदना की सफलता का वर्णन करता है।

वंदना– एक जिनेन्द्र देव संबंधी और उन एक जिनेन्द्र देव के अवलम्बन से प्रतिक्रमण– जिनालय संबंधी वंदना का वर्णन करता है। सात प्रकार के प्रतिक्रमणों का वर्णन करता है।

वैनयिक– पाँच प्रकार की विनयों का वर्णन करता है।

५. किदिकम्मं - अरहंतसिद्धायरिअसाधूणं पूयाविहीणं वण्णइ।

६. दसवेकालिओ - दसवेकालिआए वण्णइ। मुणीणं आयारविहीए गोयरविहीए य पि वण्णइ।

७. उत्तराज्झवयणं - जम्मि अणेगपयारस्स उत्तराइँ पठणाय पावंति, तं उत्तराज्झवयणं भणदि। एतम्मि चउप्पयारस्स उवसग्गाइँ कहं सहणीयं? बाईसपयारस्स परिसहाणं सहणकरणस्स विहिं किं अत्थि? इच्छादीणं पसिणाणं उत्तराइँ वण्णीअ।

८. कल्प-ववहारो- साधूणं जोग्गं आचरणस्स, अजोग्गं य आचरणस्स सदि पायच्चिदविहीए वण्णंति।

९. कल्पाकल्पाइँ- दव्व-खेत्त-काल-भावाणं अपेक्खाए मुणीणं इदं जोग्गं, इदं य अजोग्गं वट्टंति, उत्तविसयस्स वण्णणं अत्थि।

१०. महाकल्पं - कालसंहणणाणं आसयिदूणं साधूणं जोग्गदव्वखेत्तादीणं वण्णंति।

११. पुण्डरीओ - भवणवासी-आदिचउप्पयाराणं देवेसु उप्पत्तीए कारणरुवं दाण-पूया-तवच्चरणादि-अणुट्ठाणाणं वण्णंति।

कृतिकर्म- अरहंत, सिद्ध, आचार्य और साधु की पूजा विधि का वर्णन।

दशवैकालिक- दशवैकालिकों का वर्णन करता है। तथा मुनियों की आचार विधि और गोचरविधि का भी वर्णन करता है।

उत्तराध्ययन- जिसमें अनेक प्रकार के उत्तर पढ़ने कोमिलते हैं उसे उत्तराध्ययन कहते हैं। इसमें चार प्रकार के उपसर्ग को कैसे सहन करने चाहिये? बाईस प्रकार के परिषहों के सहन करने की विधि क्या है? इत्यादि प्रश्नों के उत्तरों का वर्णन किया गया है।

कल्प्य व्यवहार- साधुओं के योग्य आचारण का और अयोग्य आचरण के होने पर प्रायश्चित विधि का वर्णन करता है।

कल्प्याकल्प्य- द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा मुनियों के लिये यह योग्य है और यह अयोग्य है इस तरह इन सबका वर्णन है।

महाकल्प्य- काल और संहनन का आश्रय कर साधु के योग्य द्रव्य और क्षेत्रादि का वर्णन करता है।

पुण्डरीक- भवनवासी आदि चार प्रकार के देवों में उत्पत्ति के कारण रूप, दान, पूजा, तपश्चरण आदि अनुष्ठानों का वर्णन करता है।

१२. महापुण्डरीओ – सव्वेंदपर्दीदेसु उप्पत्तीए कारणरुवं तवविसेसादि–आचरणस्स वण्णंति।

